नई दिल्ली
शनिवार 7 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 322
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 18

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम जारी, 958 अभ्यर्थी सफल

# राजस्थान के अनुज अग्निहोत्री ने किया टॉप, हरियाणा के एकांश ढुल तीसरे स्थान पर रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2025 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस बार कुल 958 अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 की लिखित परीक्षा और इंटरव्यू (पर्सनैलिटी टेस्ट) के आधार पर अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। आयोग ने मेरिट के आधार पर कुल 958 उम्मीदवारों को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया है। इस बार राजस्थान के कोटा के पास स्थित छोटे कस्बे रावतभाटा के 26 वर्षीय अनुज अग्निहोत्री ने टॉप किया है। दूसरे स्थान पर तमिलनाडु की राजेश्वरी सुवे एम हैं। वहीं, दिल्ली विश्वविद्यालय से बीकॉम करने वाले हरियाणा के पंचकुला के 25 वर्षीय एकांश ढुल ने ऑल इंडिया रैंक 3 हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। एकांश ढुल ▶▶ शेष पेज 5 पर

- पीएम मोदी ने यूपीएससी टॉपर्स को दी बधाई
- दो उम्मीदवारों का परिणाम फिलहाल रोका


अनुज अग्निहोत्री


एकांश ढुल

### देश की सेवा में योगदान देंगे: सीएम सैनी

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला के एकांश ढुल को देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा-2025 में पंचकूला के होनहार एकांश ढुल ने देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त कर हरियाणा का नाम ▶▶ शेष पेज 5 पर

### उपलब्धि कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम



यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम घोषित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी है। उन्होंने इस उपलब्धि को कड़ी मेहनत, समर्पण और धैर्य का परिणाम बताते हुए सभी चयनित उम्मीदवारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि सिविल सेवा परीक्षा 2025 में सफल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा कि उनकी लगन और मेहनत ने उन्हें यह महत्वपूर्ण मुकाम दिलाया है। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि ये युवा देश की सेवा करते हुए लोगों की अपेक्षाओं ▶▶ शेष पेज 5 पर

*असम के जोरहाट एयरबेस से विमान ने भरी थी उड़ान, कार्बी आंगलोंग में हुआ यह दुखद हादसा*

## सुखोई विमान हादसे में हुई दोनों पायलटों की मौत, जांच में जुटी वायुसेना

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

असम के कार्बी आंगलोंग में बीते गुरुवार को हुए सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान हादसे में वायुसेना के दो पायलटों स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरागकर की मौत हो गई है। मामले की गहन पड़ताल के लिए बल ने जांच (कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी) का गठन कर दिया है। जिसके पूरा होने के बाद ही इस हादसे से जुड़े वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। वायुसेना ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए इस घटना की पुष्टि की है। साथ ही बताया कि सुखोई विमान हादसे में दोनों पायलटों को गहरी चोट आई थी। इनके निधन पर वायुसेना के सभी कर्मी शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं प्रकट करते हैं और दुख की इस घड़ी में उनके साथ मजबूती से खड़े हैं।


अनुज और पुरवेश

**रडार से टूटा संपर्क:** मूलरूप से सुखोई विमान रूस में निर्मित है और इसे वायुसेना के जंगी बेड़े का अग्रिम पंक्ति का लड़ाकू विमान माना जाता है। हादसे के दिन विमान पूर्वोत्तर क्षेत्र में शामिल असम के जोरहाट एयरबेस से अपने एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान मिशन पर था। लेकिन उड़ान के कुछ ही देर में विमान का रडार से पूरी तरह से संपर्क टूट गया और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान से आखिरी बार 5 मार्च की रात 7 बजकर 42 मिनट पर संपर्क हुआ था। वहीं, जहां ये विमान हादसा हुआ है, उस जगह की जोरहाट ▶▶ शेष पेज 5 पर






### खबर संक्षेप

#### नीट यूजी रजिस्ट्रेशन विंडो 8 मार्च को होगी बंद

**नई दिल्ली।** नीट यूजी 2026 के लिए चल रही रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 8 मार्च रात 9 बजे बंद हो जाएगी।



रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 8 फरवरी को शुरू हुआ था। करीब एक महीने चलने वाली इस प्रक्रिया के बाद भी जिन इच्छुक और पात्र उम्मीदवारों ने अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं किया है वे वेबसाइट पर जाकर पंजीयन करें।

#### आंध्रप्रदेश : तीसरा बच्चा होने पर मिलेगा खास पुरस्कार

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने ऐलान किया है कि राज्य सरकार ने जनसंख्या



बढ़ाने के उद्देश्य से एक खास शुरुआत की है। इसके तहत अगर कोई परिवार तीसरे बच्चे को जन्म देता है तो उसे 25 हजार रुपये दिए जाएंगे। तीसरे बच्चे को पांच साल तक हर महीने एक हजार रुपये सीधे खाते में दिए जाएंगे। 18 साल की उम्र तक मुफ्त शिक्षा देंगे।

#### महाराष्ट्र : किसानों का दो लाख तक का कर्ज माफ

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडनवीस ने विधानसभा में राज्य



का वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया। उन्होंने बजट में किसानों के सितंबर 2025 तक बकाया ऋण में दो लाख रुपये माफ करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र देश का वित्तीय इंजन है, 2047 तक 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने दिवंगत अजीत पवार को श्रद्धांजलि दी।

## यह जानकारी ईरान के उप-विदेश मंत्री सईद खतीबजादे ने राजधानी में आयोजित 'रायसीना संवाद-26' में दी है

# ईरान ने बंद नहीं की होर्मुज की खाड़ी...हमारे निशाने पर अमेरिका, इजरायल के झंडे वाले जहाज: खतीबजादे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे युद्ध के अत्यंत तनावपूर्ण माहौल के बीच शुक्रवार को ईरान के उप-विदेश मंत्री सईद खतीबजादे ने राजधानी दिल्ली से दो टूक अंदाज में अपना पक्ष दुनिया के सामने रखा। जिसमें सबसे



पहले उन्होंने ये साफ कर दिया कि ईरान ने होर्मुज की खाड़ी को पूरी तरह से बंद नहीं किया है। लेकिन हमारे निशाने पर अमेरिका और इजरायल के झंडे वाले जहाज और टैंकर हैं। उन्हें खाड़ी से गुजरने की इजाजत नहीं दी जाएगी। हमारा यही रुख ईरान पर हमला कर रहे इन दोनों देशों के सहयोगियों पर भी समान रूप से लागू होगा। यह जानकारी खतीबजादे ने 6 मार्च को भारत की मेजबानी में आयोजित किए जा रहे 'रायसीना संवाद-2026' के एक सत्र को संबोधित करते हुए दी है। आयोजन के दौरान ईरान के उप-विदेश मंत्री की भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ एक मुलाकात भी हुई। गौरतलब है कि होर्मुज की खाड़ी को लेकर ईरान के उप-विदेश मंत्री का ये ▶▶ शेष पेज 5 पर

- ट्रंप को सुनाई जमकर खरी-खोटी, बोले- ईरान के सुप्रीम नेता को चुनना तो दूर की बात, ट्रंप न्यूयॉर्क का मेयर तक नहीं चुन नहीं सकते हैं
- विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ हुई ईरान के उप-विदेश मंत्री की मुलाकात



### युद्ध की जड़ 'ग्रेटर इजरायल' की महत्वाकांक्षा

उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान की क्षेत्र में मौजूद किसी भी खाड़ी को भी बंद करने की तत्काल कोई योजना नहीं है। अगर हम ऐसा करते हैं, तो उसकी घोषणा करेंगे। हमारा देश एक जिम्मेदार शक्ति है और हम फारस की खाड़ी में स्थिरता बनाए रखने के लिए एक अहम आधार स्तंभ हैं। लेकिन इस युद्ध की शुरुआत के पीछे की असली वजह ग्रेटर इजरायल से जुड़ी हुई महत्वाकांक्षा है। जिससे अब ये लड़ाई अंतरराष्ट्रीय या क्षेत्रीय संघर्ष में तब्दील हो गई है। अमेरिका को इजरायल ने ही युद्ध में धकेला है। ऐसा इसलिए है कि क्योंकि युद्ध से ठीक पहले तक हम और अमेरिका एक साथ थे। अमेरिका ने हमसे (ईरान) जिनेवा में बातचीत भी की थी। लेकिन फिर अचानक उसने इजरायल के साथ मिलकर हम पर हमला बोल दिया। ईरान केवल इन दोनों देशों द्वारा दिखाई जा रही आक्रामकता के खिलाफ प्रतिरोध के रूप में अपना बचाव कर रहा है। हम आक्रमण का सामना कर रहे हैं और आम ईरानी नागरिक अमेरिका की कारपेट ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत के पास तेल का पर्याप्त स्टॉक: सूत्र

भारत का करीब 80 फीसदी तेल और गैस आयातित है। जिसका एक बड़ा भाग होर्मुज की खाड़ी से होकर देश पहुंचता है। ये इलाका दुनिया के 30 फीसदी तेल-गैस सप्लाई का भी अहम केंद्र है। क्षेत्र में जंग के लगातार जारी रहने पर भारत सहित पूरी दुनिया की संबंधित सप्लाई प्रभावित हो सकती है। देश में महंगाई बढ़ने की आशंका है। वहीं, सरकार के सूत्रों ने आश्वासन दिया है कि युद्ध के बीच देश की ऊर्जा आवश्यकताएं आरामदायक स्थिति में हैं। प्रमुख आपूर्ति मार्गों में व्यवधान के बावजूद होर्मुज की खाड़ी के अलावा अन्य स्रोतों से (10% अमेरिका भाग शामिल) कच्चे तेल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) और बाकी रिफाइनरियों में कच्चे तेल का पर्याप्त स्टॉक है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

*राजधानी में आयोजित रायसीना संवाद के एक सत्र में बोले नौसेनाप्रमुख*

## छोटे-निर्णायक युद्धों की अवधारणा पर लगने लगा सवालिया निशान, मजबूत तैयारी की दरकार

- आईआरआईएस लावन जहाज से जुड़ा है मामला, जिसे कोच्चि में दी गई है शरण
- नौसेना की सुविधाओं में ठहरे हैं जहाज पर सवार 183 सदस्य
- ईरान के जहाज पर हुए हमले के बाद खोज-राहत कार्यों में मदद के लिए कोलंबो पहुंचा नौसेना का जहाज तरंगिनी

*सरकारी सूत्र बोले, आईआरआईएस डेना जहाज दुर्घटना से पहले ईरान ने मांगी थी भारत से मदद*



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया में अमेरिका-इजरायल और ईरान के मध्य चल रहे त्रिपक्षीय युद्ध के बीच नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा परिदृश्य में सामने आ रहे संघर्षों से यह साफ हो जाता है कि भविष्य के युद्ध छोटे और निर्णायक नहीं होंगे। मेरे विचार में इनकी अवधि लंबी होने वाली है। ऐसे में हमें मजबूत और लचीली सप्लाई चेन के साथ ही एक सशक्त रक्षा औद्योगिक सिस्टम को विकसित किए जाने की नितांत आवश्यकता है। यह जानकारी एडमिरल त्रिपाठी ने नई दिल्ली में आयोजित किए जा रहे रायसीना संवाद-2026 के दौरान 'फोजर्स ऑफ पीस: ऑर्डिनेंस फैक्ट्रीज फॉर द लिबरल ऑर्डर' नामक एक सत्र को संबोधित करते हुए दी है। उन्होंने कहा कि हालिया घटनाओं ने लगातार सैन्य तैयारियों की आवश्यकता, उन्नत प्रौद्योगिकी के समावेश के साथ-साथ व्यापक स्तर पर रक्षा उत्पादन के महत्व ▶▶ शेष पेज 5 पर

## मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिले सिंगापुर इंडिया बिज़नेस फॉरम के अध्यक्ष प्रसून मुखर्जी

*बैठक में गुरुग्राम में सिंगापुर इंडिया बिज़नेस फॉरम का बिज़नेस सेंटर स्थापित करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई*



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शुक्रवार को सिंगापुर इंडिया बिज़नेस फॉरम के अध्यक्ष प्रसून मुखर्जी ने मुलाकात की। इस दौरान हरियाणा में औद्योगिक निवेश, व्यापारिक सहयोग तथा सिंगापुर की कंपनियों के लिए उपलब्ध अवसरों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री सैनी ने सिंगापुर इंडिया बिज़नेस फॉरम और सिंगापुर के निवेशकों को हरियाणा में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने तथा निवेशकों को अनुकूल माहौल प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार पारदर्शी नीतियों, सरल प्रक्रियाओं और बेहतर बुनियादी ढांचे के माध्यम से निवेश को प्रोत्साहित कर रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को हर संभव सहयोग देने के लिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

## सत्य और अहिंसा ही असली शक्ति, नफरत नहीं: राहुल गांधी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि हिंसा और नफरत में भले ही ताकत दिखाई देती हो, लेकिन असली शक्ति हमेशा सत्य और अहिंसा में होती है। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा इन्हीं मूल्यों पर टिकी है। केरल के कोल्लम में महात्मा गांधी और समाज सुधारक नारायण गुरु की ऐतिहासिक मुलाकात के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जब एक सदी पहले दोनों महान व्यक्तित्व मिले होंगे, तो उनकी बातचीत का केंद्र केवल सत्य और अहिंसा ही रहा होगा।



### आज की राजनीति में दो विचारधाराओं का संघर्ष

राहुल गांधी ने कहा कि भारत की राजनीति में आज दो अलग-अलग विचारधाराओं का संघर्ष दिखाई देता है। एक विचारधारा सत्य, अहिंसा और विनम्रता पर आधारित है, जबकि दूसरी गुस्से, नफरत और अहंकार पर टिकी है। उन्होंने कहा कि अंततः भारत की आत्मा सत्य और अहिंसा के रास्ते पर ही चलती है। उन्होंने कहा कि महान व्यक्तित्व जब आपस में मिलते हैं तो उनमें विनम्रता होती है, लेकिन छोटे विचारों वाले लोगों की बैठकों में अक्सर ▶▶ शेष पेज 5 पर






### पीएम मोदी ने कृषि और ग्रामीण परिवर्तन पर बजट बाद वेबिनार को संबोधित किया

## कहा, यदि हम उच्च मूल्य वाली कृषि को बढ़ावा दें, तो यह कृषि को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में बदल देगा

# सरकार ने कृषि क्षेत्र को लगातार मजबूत किया है, किसानों के जोखिम कम हुए हैं : प्रधानमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बजट के बाद आयोजित तीसरे वेबिनार को संबोधित किया। इस वेबिनार का मुख्य विषय 'कृषि और ग्रामीण परिवर्तन' था। प्रौद्योगिकी और आर्थिक विकास से संबंधित पिछले सत्रों को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट तैयार करने के दौरान हितधारकों ने बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया। मोदी ने कहा कि अब बजट के बाद, यह उतना ही महत्वपूर्ण है कि देश अपनी पूरी क्षमता का लाभ उठाए और इस दिशा में आपके सुझाव और यह वेबिनार इसलिए महत्वपूर्ण हैं।



### कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार

*प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार और देश के दीर्घकालिक विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने 'पीएम किसान सम्मान निधि' और 'न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)' जैसे कई कार्यक्रमों पर बल दिया, जिनसे किसानों को डेढ़ गुना लाभ मिल रहा है। मोदी ने कहा कि सरकार ने कृषि क्षेत्र को लगातार मजबूत* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### खेती की लागत कम करने पर भी विशेष ध्यान देना होगा: शिवराज

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि उत्पादकता बढ़ाने के लिए स्वच्छ एवं रोगमुक्त पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। साथ ही खेती की लागत कम करने पर भी विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करना, किसानों की आय बढ़ाना और कृषि निर्यात को बढ़ावा देना हमारी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पीडब्ल्यूडी ने 177 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं को दी मंजूरी

# जलभराव की समस्याओं को स्थायी रूप से हल करने के लिए प्रतिबद्ध सरकार : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार राजधानी में लंबे समय से चली आ रही ड्रेनेज समस्याओं को स्थायी रूप से हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली सरकार में लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्री प्रवेश ने कहा कि राजधानी में बरसात के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या से निपटने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर और उत्तर-पश्चिम दिल्ली के कई इलाकों में स्टॉर्म वॉटर ड्रेन के बड़े रीमॉडलिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है।



इन परियोजनाओं को न्यू मास्टर ड्रेनेज प्लान के तहत प्रशासनिक स्वीकृति और व्यय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनकी कुल लागत 177 करोड़ रुपए से अधिक है। मंत्री प्रवेश ने कहा कि इन परियोजनाओं के तहत पुराने और जर्जर स्टॉर्म वॉटर ड्रेनों को आधुनिक प्रीकास्ट आरसीसी तकनीक से दोबारा बनाया जाएगा, जिससे ड्रेनों की क्षमता बढ़ेगी, पानी के बहाव में सुधार होगा और निर्माण कार्य भी तेज़ी से पूरा किया जा सकेगा। यह कार्य राजधानी के कई महत्वपूर्ण इलाकों में किया जाएगा, जिनमें ज्ञान शक्ति मंदिर मार्ग, छोटूराम मार्ग, कैंप चौक से आजादपुर एच-पॉइंट (मॉल रोड), सुल्तानपुरी, रोहिणी, नांगलोई रोड, महाराजा अग्रसेन मार्ग सहित कई प्रमुख सड़कें शामिल हैं, जहां लंबे समय से ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत करने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। उन्होंने कहा कि 'हमारा प्रयास है कि पूरे ड्रेनेज नेटवर्क को वैज्ञानिक तरीके से मजबूत किया जाए। आधुनिक प्रीकास्ट आरसीसी तकनीक से ड्रेनों का निर्माण होने से उनकी क्षमता और मजबूती दोनों बढ़ेगी और काम भी तेजी से पूरा किया जा सकेगा।'

मंत्री प्रवेश ने यह भी कहा कि विभाग उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दे रहा है जहां मानसून के दौरान जलभराव की समस्या बार-बार सामने आती है। 'हमारा लक्ष्य स्पष्ट है कि दिल्ली में बारिश के दौरान अनावश्यक जलभराव की स्थिति न बने।

#### इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

मंत्री प्रवेश ने कहा कि कई इलाकों में बरसात के समय जलभराव की समस्या लंबे समय से लोगों के लिए परेशानी का कारण रही है। मास्टर ड्रेनेज प्लान के तहत ये परियोजनाएं दिल्ली के स्टॉर्म वॉटर इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। स्वीकृत परियोजनाओं में अवंतिका रेड लाइट से विश्राम चौक तक छोटूराम मार्ग, कैंप चौक से आजादपुर एच-पॉइंट (मॉल रोड), सुल्तानपुरी बस टर्मिनल के पास पुलिस स्टेशन रोड से फ्लड कंट्रोल ड्रेन तक, तथा जैन नगर से रोहिणी सेक्टर-22 रेड लाइट तक स्टॉर्म वॉटर ड्रेनों के रीमॉडलिंग का कार्य शामिल है। इसके अतिरिक्त सुल्तानपुरी मेन रोड से जलेबी चौक, जगदंबा रोड, तथा रोहिणी सेक्टर-16 और सेक्टर-17 की कई सड़कों पर भी आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जाएगा।

#### अधिक मात्रा में बारिश के पानी को आसानी से निकाला जा सके

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने बताया कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य पुराने और अपर्याप्त ड्रेनों को वैज्ञानिक तरीके से डिजाइन किए गए आधुनिक ढांचे से बदलना है, ताकि अधिक मात्रा में बारिश के पानी को आसानी से निकाला जा सके। प्रीकास्ट आरसीसी ड्रेनों के उपयोग से संरचना अधिक मजबूत होगी और निर्माण कार्य के दौरान यातायात पर पड़ने वाला प्रभाव भी कम रहेगा। मंत्री ने कहा कि सरकार केवल नई संरचनाएं बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन पुराने सिस्टम को भी मजबूत किया जा रहा है जो शहर के विस्तार के कारण अब पर्याप्त नहीं रह गए हैं।

#### परियोजनाओं को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा

सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग अधिकारियों के अनुसार इन परियोजनाओं को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा और काम की गुणवत्ता तथा समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निगरानी की जाएगी। परियोजनाएं पूरी होने के बाद इन क्षेत्रों में वर्षा जल के बहाव में उल्लेखनीय सुधार होगा और जलभराव की समस्या में काफी कमी आने की उम्मीद है। यह पहल दिल्ली सरकार के उस व्यापक प्रयास का हिस्सा है जिसके तहत राजधानी के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाया जा रहा है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और मानसून के दौरान होने वाली समस्याओं से स्थायी राहत मिल सके।

## हर्ष विहार फायरिंग केस में महिला समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हर्ष विहार इलाके के प्रताप नगर में होली के दिन तेज आवाज में गाने बजाने के झगड़े और फायरिंग केस में एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, एक कारतूस और तीन खाली खोल बरामद किए गए।

पुलिस के अनुसार होली के दिन दोपहर को हर्ष विहार इलाके में फायरिंग की सूचना मिली थी। गली नंबर 8, प्रताप नगर में मौके पर पहुंचने पर पता चला कि तेज म्यूजिक बजाने को लेकर दो पड़ोसियों के बीच झगड़ा हुआ था। शिकायत करने वाले मोनू (29) पुत्र ओम दत्त ने बताया कि वह होली के जश्न के दौरान म्यूजिक बजा रहा था, तभी उसके पड़ोसी ने अपनी बहन के साथ मिलकर एतराज किया और उससे झगड़ा करने लगे। बाद में उन्होंने कथित तौर पर अपने एक साथी को बुलाया जिसने पिस्तौल से गोली चलाई और मौके से भाग गया। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ था। पुलिस ने केस दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान फोरेंसिक टीम ने क्राइम सीन का मुआयना किया और सबूत इकट्ठा



किए। मौके से एक खाली कारतूस मिला। कार्रवाई स्वरूप दो भाई-बहनों जिनमें एक 30 साल का युवक और उसकी 25 साल की बहन शामिल है, गिरफ्तार किया गया। उनके पास से दो और खाली कारतूस मिले।

उनकी निशानदेही पर तीसरे आरोपी शुभम उर्फ मंगू (23) पुत्र विनोद निवासी लोनी के तौर पर हुई, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। डिटेल में वेरिफिकेशन करने पर आरोपी शुभम उर्फ मंगू पहले भी धोखाधड़ी और धमकी देने से जुड़े तीन मामलों में शामिल पाया गया था। मामले में आगे की जांच जारी है।

### खबर संक्षेप



#### अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क फ्लाईओवर के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। शव को पहचान के लिए गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया है। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि शख्स को एक तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मारी थी। वाहन का चालक दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि हिट एंड रन का मामला दर्ज कर लिया गया है और टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

#### चार मंजिला इमारत में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** भजनपुरा इलाके में चार मंजिला इमारत में शुक्रवार दोपहर आग लग गई। इसके बाद दमकल की नौ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने बताया कि दोपहर एक बजकर एक मिनट पर इमारत में आग लगने की सूचना मिली थी। इमारत में कुछ रेस्तरां भी स्थित हैं। दोपहर दो बजकर 25 मिनट पर आग को काबू कर लिया गया था। मिली जानकारी के अनुसार आग ने भूतल, पहली मंजिल व दूसरी मंजिल को अपनी चपेट में लिया था। दमकल की नौ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था। घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवक की मौत के बाद उत्तम नगर में तनाव

## अर्धसैनिक बलों और पुलिस की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

होली के दिन दो परिवारों के बीच हुई झड़प में 26 वर्षीय तरुण नामक युवक की मौत के बाद उत्तम नगर इलाके में तनाव दूसरे दिन भी जारी रहा। इसके मद्देनजर इलाके में अर्धसैनिक बल के जवानों और पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस के अनुसार इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। जबकि घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

मिली जानकारी के अनुसार यह घटना बुधवार को उत्तम नगर के जेजे कॉलोनी इलाके में सामने आई थी। दरअसल एक गुब्बारे का रंगीन पानी सड़क पर जा रही दूसरे समुदाय की महिला पर पड़ गया था। इसके बाद दोनों परिवार के सदस्यों के बीच तीखी बहस हुई। इस झड़प में गंभीर रूप से घायल हुए तरुण ने बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि छत पर होली खेल रही 11 वर्षीय बच्ची ने नीचे अपने रिश्तेदारों पर पानी का गुब्बारा फेंका था, लेकिन वह सड़क पर गिरकर फट गया, जिससे दूसरे परिवार की एक महिला पर रंगीन पानी के छींटे आ गए।

झड़प में घायल हुए तरुण के दादा मान सिंह ने आरोप लगाया कि महिला ने उन्हें अपशब्द कहे और जल्द ही अपने परिवार के कई सदस्यों को इकट्ठा कर लिया, जिन्होंने कथित तौर पर होली खेल रहे लोगों पर हमला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि हालांकि शुरू में स्थिति शांत होती दिखी, लेकिन बाद में लोगों का एक समूह फिर से इकट्ठा हुआ और तरुण पर उस समय हमला कर दिया जब वह अपने दोस्तों के साथ होली खेलकर घर लौट रहा था। सिंह ने दावा किया, उन्होंने उसे बेरहमी से पीटा और जब वह सड़क पर पड़ा था तो उसके सीने पर एक बड़ा पत्थर भी फेंका।

तरुण के चाचा रमेश ने भी आरोप लगाया कि युवक पहले हुए विवाद से अनजान था और जब उसने गली में प्रवेश किया तो लाठी, डंडे और पत्थरों से लैस आठ से दस लोगों के समूह ने उस पर हमला कर दिया। शुक्रवार को मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों ने आरोपियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग को लेकर उत्तम नगर थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

इलाके में खड़े कुछ वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया गया और प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों से भिड़ने की कोशिश भी की। प्रदर्शनकारी कह रहे थे कि तुम एक काटोगे हम 10 काटेंगे। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने हस्तक्षेप कर भीड़ को तितर-बितर कर दिया। पुलिस ने कहा कि स्थिति पर करीब से नजर रखी जा रही है और इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। गवाहों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आगे की जांच जारी है। डीसीपी द्वारका कुशल पाल सिंह ने बताया कि मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है।

# पालम में दूध विक्रेता की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पालम थाने की टीम ने इलाके में होली के दिन हुये एक दूध विक्रेता के मर्डर केस को सुलझा लिया है। इस सिलसिले में तीन नाबालिगों समेत पांच लोगों को पकड़ा गया है। दो आरोपियों के नाम धर्मेंद्र और ओमकार है। दोनों दूध का व्यवसाय करते हैं।

पुलिस के अनुसार होली के दिन मणिपाल हॉस्पिटल से एक एलएलसी के बारे में पालम गांव थाने को जानकारी मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और तहकीकात में



पता चला कि महावीर एन्क्लेव की गली नंबर 7 में 8-10 लोगों ने एक आदमी को चाकू मार दिया था। अस्पताल पहुंचने पर पुनीत यादव (25) ने दम तोड़ दिया था। गुरुवार को 103(1)/3(5) बीएनएस के तहत हत्या का केस रजिस्टर किया गया। आगे की जांच शुरू की गई।

- तीन नाबालिगों समेत पांच दबोचे

जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज एनालिसिस के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और तीन नाबालिग हिरासत में लिये गये। एक नाबालिग 10वीं क्लास से स्कूल ड्रॉप आउट है। दूसरा भी 10वीं क्लास से स्कूल ड्रॉप आउट है। तीसरा 7वीं क्लास में पढ़ रहा है। चौथा आरोपी धर्मेंद्र महावीर एन्क्लेव का रहने वाला है। 24 वर्षीय धर्मेंद्र दूध बेचने का काम करता है। पांचवा आरोपी ओमकार भी महावीर एन्क्लेव का रहने वाला है। 24 वर्षीय यह आरोपी भी दूध बेचने का काम करता है। मरने वाला गोयला डेयरी में दूध की डेयरी चलाता था और उसकी शादी नहीं हुई थी। उसने बार-बार एक किशोर को चिढ़ाया था, जिससे उसे बुरा लगा और गुस्सा आया। घटना वाले दिन नशे की हालत में नाबालिग ने उसे सबक सिखाने का फैसला किया और उस पर साथियों संग मिलकर चाकू से हमला कर दिया। जुर्म का हथियार (खून से सना चाकू) बरामद कर लिया गया है।

## महिला ने मेट्रो के आगे लगाई छलांग, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजीव चौक स्टेशन की ब्लू लाइन पर शुक्रवार सुबह एक महिला ने मेट्रो ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। आनन फानन में सीआरपीएफ और मेट्रो स्टाफ ने महिला को ट्रैक से उठाकर अस्पताल भिजवाया। महिला की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस महिला के बयान का इंतजार कर रही है ताकि पता चल सकें कि आखिर महिला ने यह खौफनाक कदम क्यों उठाया। राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे एक महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। लेकिन, महिला के ट्रैक पर कूदते ही दोनों प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनते ही मौके पर मौजूद सीआरपीएफ के जवानों ने महिला को बचाने के लिए जान की बाजी लगा दी। वहीं मेट्रो चालक ने भी वक्त रहते इमरजेंसी ब्रेक लगा दिये थे। महिला के सिर पर चोट आई है। उसे लेडी हार्डिंग हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की तरफ से महिला के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि इस घटना के चलते ब्लू लाइन पर करीब 30 मिनट तक सेवाएं प्रभावित रही हैं।

बता दें कि हाल में उत्तर नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन पर सुसाइड के दो मामले सामने आए थे। 20 फरवरी को 17 वर्षीय किशोर ने स्टेशन पर ट्रेन के आगे छलांग लगा दी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक की पहचान नजफगढ़ निवासी अश्विनी डागर के रूप में हुई थी। मृतक के परिजनों के हवाले से बताया गया था कि वो पिछले कई दिनों से मानसिक रूप से परेशान था, जिस कारण उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। दूसरी घटना 24 फरवरी को सामने आई थी। मृतक की पहचान 45 वर्षीय महाराज सिंह के तौर पर हुई थी।

# संत बन बुजुर्ग महिला से गहने ठगने वाला अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम जिले की मौर्या एंक्लेव पुलिस ने संत बनकर 65 वर्षीय महिला के आभूषण ठगने वाले 34 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मिथुन के तौर पर हुई है। इसके पास से पीड़िता का सोने का आभूषण भी बरामद कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि यह घटना तीन मार्च की है। शिकायतकर्ता राज रानी (65) पास के एक घर में घरेलू काम खत्म करके पीतमपुरा स्थित अपने घर लौट रही थीं। पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे जब वह पीतमपुरा में टाटा पावर एनडीपीएल कार्यालय के पास पहुंचीं, तो एक अज्ञात व्यक्ति उनके पास आया और खुद को संत बताते हुए दावा किया कि वह उनकी सभी समस्याओं का



समाधान कर सकता है। कुछ ही देर बाद, एक और व्यक्ति वहां आया और उसने अपनी समस्याओं को हल करने के लिए संत से मदद मांगने का नाटक किया ताकि बुजुर्ग महिला का भरोसा जीता जा सके। इसके बाद आरोपी ने उन्हें अपने साथ 151 कदम चलने को कहा और आश्वासन दिया कि इस अनुष्ठान के माध्यम से उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा। पुलिस के मुताबिक तीनों अंततः एक पुलिस बूथ के सामने, एक फुट ओवरब्रिज के नीचे पहुंचे जहां संत का रूप धारण किए हुए व्यक्ति ने शिकायतकर्ता से अनुष्ठान के हिस्से के रूप में अपना सोने का लॉकेट और झुमके दूसरे व्यक्ति को सौंपने को कहा।

पुलिस ने बताया कि महिला ने अपने गहने उन्हें दे दिए, जिसके बाद दोनों मौके से भाग गए। मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और आरोपी मिथुन को पकड़ा गया। आरोपी इसी तरह से अपराधों में अतीत में भी शामिल रहा है और पहले उत्तर प्रदेश में गिरफ्तार भी हो चुका है। इसके साथी की तलाश जारी है।

## छावला में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के छावला इलाके में शुक्रवार को अज्ञात हमलावरों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान छावला निवासी बलवान गहलोत के रूप में हुई है। पुलिस को इस हत्या में विदेश में बैठे एक गैंगस्टर की संलिप्तता का संदेह है। पुलिस के अनुसार बलवान की गोली मारकर तब हत्या कर दी गई जब वह कार से जा रहा था। पुलिस ने बताया कि स्कूटर सवार अज्ञात हमलावरों ने उस पर गोली चलाई और हमले के बाद मौके से फरार हो गए। गोलीबारी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गहलोत को गंभीर हालत में पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती पुलिसिया जांच से पता चलता है कि हत्या विदेश से सक्रिय किसी गैंगस्टर के इशारे पर की गई हो सकती है। पीड़ित को गैंगस्टर से धमकियां मिल रही थी। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और हमलावरों की पहचान और उन्हें ढूंढने के लिए टीमें गठित की गई हैं। पुलिस ने यह भी बताया कि इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और गहलोत की पृष्ठभूमि की जांच की जा रही है ताकि हत्या के मकसद का पता लगाया जा सके।

### विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा

# 'आप नेताओं ने 'फांसी घर' को लेकर फैलाई भ्रामक कथा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके सहयोगियों ने अपनी सरकार के कार्यकाल के दौरान दिल्ली विधानसभा स्थित 'फांसी घर' मामले को लेकर एक भ्रामक कथा फैलाई गई है। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने शुक्रवार को विशेषाधिकार समिति की बैठक के बाद मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा से संबंधित तथ्यों, विशेष रूप से 'फांसी घर' के अस्तित्व और स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़े संदर्भों के बारे में गलत जानकारी देकर जनता को शासन और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गुमराह करने का प्रयास किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि यह मामला औपचारिक रूप से उठाया गया था और विस्तृत जांच के लिए विशेषाधिकार समिति को भेजा गया। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा समन जारी किए जाने के बावजूद संबंधित व्यक्तियों ने बार-बार उपस्थित होने से परहेज किया। उन्होंने कहा कि 'एक बात स्पष्ट रूप से सामने आई है, जिस पर समिति अपनी रिपोर्ट देगी कि समिति के समक्ष बार-बार उपस्थित न होकर उन्होंने सदन की अवमानना और विशेषाधिकार का उल्लंघन किया है।' उन्होंने समिति तथा संविधान के विरुद्ध की गई टिप्पणियों को 'निंदनीय और पूर्णतः अस्वीकार्य' बताया। दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह राजपूत ने कहा कि यद्यपि शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, दिल्ली विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राम निवास गोयल तथा पूर्व उपाध्यक्ष राखी बिरला समिति के समक्ष उपस्थित हुए, किंतु इससे पूर्व वे बार-बार समिति की कार्यवाही से बचने का प्रयास करते रहे।



#### 'फांसी घर' की ऐतिहासिक प्रामाणिकता सिद्ध नहीं

अध्यक्ष ने यह भी कहा कि यह विषय गंभीर है और संबंधित प्राधिकरणों द्वारा स्पष्ट तथा विचारपूर्ण प्रतिक्रिया अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि यदि 'फांसी घर' के रूप में संदर्भित संरचना की ऐतिहासिक प्रामाणिकता सिद्ध नहीं होती है, तो इस विषय को पारदर्शिता और तथ्यात्मक स्पष्टता के साथ संबोधित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा तथ्यों की शुद्धता और सार्वजनिक जवाबदेही से जुड़ा है, इसलिए इसका समुचित स्पष्टीकरण और सावधानीपूर्वक परीक्षण आवश्यक है।

#### भाजपा को 'फांसी घर' को 'टिफिन घर' साबित करने की है चिंता : केजरीवाल

भाजपा को दिल्ली की समस्याओं की नहीं, बल्कि 'फांसी घर' को 'टिफिन घर' साबित करने की चिंता है। जिससे शहीदों का अपमान हो। फांसी घर मुद्दे पर विधानसभा समिति के सामने पेश होने के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने भाजपा की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक साल में दिल्ली का बेड़ा ग़र्क हो रखा है, लेकिन भाजपा को लोगों की समस्याओं की चिंता नहीं है। भाजपा शहीदों का अपमान करने पर आतूर है। केजरीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 2022 में तत्कालीन स्पीकर के प्रयासों से पता चला कि विधानसभा में एक फांसी घर है, जहां स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी दी जाती थी। वहीं, आज जब मैंने समिति से पूछा कि आप ही बताइए कि आपके पास क्या सबूत है कि ये टिफिन रूम था, इनके पास इसका कोई सबूत नहीं मिला है।

## छेड़छाड़ का आरोप लगाकर बस यात्री से लूटपाट, दंपति गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** आउटर-नॉर्थ जिले की अलीपुर पुलिस ने छेड़छाड़ का आरोप लगाकर बस यात्री से चाकू की नोंक पर लूटपाट करने वाले दंपति को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी का नाम दीपक है। इनके पास से मोबाइल, 4,400 रुपये कैश और चाकू बरामद हो गया है।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता रवि कुमार है। वह स्वरूप नगर में रहता है। वह बस में सवार होकर खेड़ा खुर्द जा रही थी। जैसे ही वह गुरुवार सुबह करीब 11:50 बजे ईएसआर के पास पहुंचा, तभी बस में सवार एक कपल ने उसे निशाना बनाया। महिला ने रवि पर छेड़छाड़ व गलत व्यवहार का आरोप लगाया। इसी दौरान महिला के पति ने चाकू निकाल कर उसे धमकाया। उससे कीमती सामान मांगा। डर कर पीड़ति ने अपना मोबाइल और पर्स आरोपियों को दे दिया। पर्स में 7,600 रुपये कैश व जरूरी कागजात थे। इसी बीच बस कंडक्टर ने तुरंत पीसीआर कॉल कर दी। जब आरोपी शख्स बस से कूदकर भागने की कोशिश कर रहा था, उसी दौरान कंडक्टर ने महिला को मौके पर ही पकड़ लिया। बाद में महिला की निशानदेही पर उसके पति दीपक को गिरफ्तार किया गया। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी दीपक पर पहले से चार मामले दर्ज हैं।

## मॉनसून से पहले तैयारी के साथ कार्यों को कर लें पूरा

# विकास कार्यों में नहीं की जाएगी कोई कोताही बर्दाश्तः रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली के विकास कार्यों में न तो बजट की कोई कमी होने दी जाएगी और न ही कोई कोताही बर्दाश्त की जाएगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार दिल्ली सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में दिल्ली में चल रहे विकास कार्यों को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों को यह सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट करते हुए विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे मार्च माह के अंत तक सभी कार्यों के टेंडर आदि की प्रक्रिया पूरी करें और मॉनसून से पहले इन कामों को पूरा कर लें। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों को विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से लागू किया जा रहा है। इनमें नगर निगम (एमसीडी), सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), डीएसआईआईडीसी और टीपीडीडीएल जैसी एजेंसियां शामिल हैं। सबसे अधिक परियोजनाएं नगर निगम के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही हैं।दिल्ली सरकार से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री विकास फंड (सीएमडीएफ), दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड (डीवीडीबी) व यमुनापार क्षेत्र विकास बोर्ड (टीवाईएडीबी) के अंतर्गत राजधानी के विभिन्न इलाकों में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक बुलाई थी। बैठक में डीवीडीबी के अध्यक्ष राजकुमार चौहान, टीवाईएडीबी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री का कहना था कि विकास कार्यों की गति अब और तेज होनी चाहिए और विकास कार्य जमीन पर दिखने चाहिए।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राजधानी में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने और स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को गति देने के लिए मुख्यमंत्री विकास फंड (सीएमडीएफ) योजना के तहत बड़े पैमाने पर परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इस योजना के तहत अब तक 3,812 विकास परियोजनाओं को प्रशासनिक मंजूरी दी जा चुकी है, जिनकी कुल अनुमानित लागत लगभग करीब 1798.85 करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं में सड़कों और नालियों का निर्माण, जल आपूर्ति से जुड़े कार्य, स्ट्रीट लाइट, पार्कों का विकास और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल हैं।

समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी दिशा में दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड (डीवीडीबी) के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में 707 विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिन पर लगभग 1,557 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना और वहां रहने वाले लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। इन विकास कार्यों को विभिन्न सरकारी एजेंसियों के माध्यम से लागू किया जा रहा है। इनमें सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग



### 3,786 करोड़ की विकास परियोजनाओं को दी मंजूरी

मुख्यमंत्री के अनुसार इन तीनों विभागों के तहत अब तक कुल मिलाकर लगभग 3,786 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि बजट का फंड विकास कार्यों में खर्च करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि नए वित्त वर्ष शुरू होते ही विकास कार्यों से जुड़ी प्रक्रिया तेजी से शुरू की जाए, ताकि तय समय पर कार्य पूरे हो जाएं।




## बुराड़ी निरंकारी ग्राउंड में एमसीडी ने तेज की तैयारियां : गुलाब सिंह

नई दिल्ली। दिल्ली के बुराड़ी क्षेत्र में कल, 8 मार्च को होने वाले मौजपुर से मजलिस पार्क तक विस्तारित मेट्रो पिंक लाइन के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। उद्घाटन कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए निरंकारी ग्राउंड में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। दिल्ली नगर निगम के सिविल लाइंस जोन के चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी देते हुए बताया कि मलेरिया विभाग की टीम द्वारा पूरे ग्राउंड क्षेत्र में फॉगिंग का कार्य भी कराया जा रहा है, ताकि कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को बुराड़ी रोड स्थित 'डीडीए ग्राउंड' कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में आने वाले सभी नागरिकों के लिए व्यवस्थाएं सुचारु और सुविधाजनक रहें।

# एमसीडी ने किया 'स्वदेशी हाट' कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली नगर निगम द्वारा 'स्वदेशी हाट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष रेखा रानी भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों, एनजीओ तथा वोकेशनल प्रशिक्षण केंद्रों द्वारा स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाए गए, जिन्होंने उपस्थित लोगों का विशेष आकर्षण बढ़ाया। इन स्टॉलों में बनारसी साड़ियां, वस्त्र, परफ्यूम, बैग, ज्वेलरी, बेकरी उत्पाद, हस्तनिर्मित वस्तुएं तथा अन्य स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शित किए गए थे। महिला उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए इन उत्पादों को लोगों ने काफी सराहा और बड़ी संख्या में खरीदारी भी की।

स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने भी विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया, वहां से खरीदारी की तथा महिला उद्यमियों और विक्रेताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच महिलाओं को अपने हुनर और स्वदेशी उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनने में मदद मिलती है। महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष रेखा रानी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को प्रोत्साहित करना तथा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है। हमें गर्व है कि बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों ने इस 'स्वदेशी हाट' में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और उत्पादों का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हैं।



■ विभिन्न संगठनों ने लगाए स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल

## सक्सेना करीब चार साल रहे दिल्ली के उपराज्यपाल केजरीवाल एंड पार्टी से रहा 36 का आंकड़ा

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की दिल्ली से विदाई तय हो चुकी है। नए एलजी के रूप में तरनजीत सिंह संधू को जिम्मेदारी दी गई है। सक्सेना ने करीब चार साल तक राजधानी के उपराज्यपाल के पद पर कार्य किया। इस दौरान एलजी का सबसे अधिक 36 का आंकड़ा पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल एंड पार्टी से रहा। सक्सेना ने दिल्ली के 22वें उपराज्यपाल के रूप में मई 2022 को पद ग्रहण किया था। एलजी के रूप में पदभार संभालने के बाद से ही सक्सेना और केजरीवाल सरकार के बीच प्रशासनिक, कानूनी और राजनीतिक मोर्चों पर विवाद पैदा हुए जो आम आदमी पार्टी की हार तक जारी रहा। जहां एलजी सक्सेना समय समय पर केजरीवाल सरकार के कार्यों पर प्रश्न चिन्ह खड़े करते रहे। वहीं केजरीवाल, उनके मंत्री तथा आम आदमी पार्टी भी समय समय पर सक्सेना पर आरोप लगाते रहे कि वह सीधे तौर पर दिल्ली के शासन में हस्तक्षेप करते हैं और एलजी की बजाए केंद्र सरकार के एक प्रतिनिधि के रूप में काम करते हैं। एलजी और केजरीवाल सरकार के बीच खाई इतनी बढ़ गई की मामला कोर्ट तक पहुंच गया था। जहां संवैधानिक अधिकारों को लेकर कोर्ट ने सरकार, यानी मंत्रिमंडल के अधिकारों को तवज्जो दी। हालांकि बाद में केंद्र सरकार ने एलजी की शक्ति को बढ़ा दिया था। एलजी सक्सेना ने केजरीवाल शासन की तथाकथित शराब नीति, बिजली सब्सिडी, स्कूल निर्माण और दिल्ली जल बोर्ड जैसे कई अन्य मामलों में तथाकथित अनियमितताओं को लेकर जांच रिपोर्ट तलब की और कुछ मामलों में एसीबी और सीबीआई जांच तक के आदेश दिए। हालात यहां तक बिगड़े कि जहां एक तरफ दिल्ली सीएम केजरीवाल के नेतृत्व में पूरे मंत्रिमंडल ने लोक निवास (पूर्व में राजनिवास) में ही डेरा डाल दिया था। जबकि एलजी सक्सेना ने एक बार तो केजरीवाल को अहंकारी तक बता दिया था। इतना ही नहीं नवंबर 2024 में, एलजी सक्सेना ने अरविंद केजरीवाल के सीएम पद से हटने के बाद नई सीएम बनी आतिशी की तारीफ करते हुए उन्हें केजरीवाल से हजार गुना बेहतर सीएम बताया था। वहीं दूसरी तरफ एलजी सक्सेना ने दिल्ली में डीडीए का अध्यक्ष रहते हुए कई ऐसे कार्य किए जिससे प्राधिकरण का खाली खजाना लबालब भरने लगा। हरियाली व ईको सिस्टम को बेहतरीन बनाने की दिशा में सक्सेना ने बांसेरा उद्यान से लेकर कई पार्कों को बनाया व कायाकल्प कर दिया। ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण व नया रूप देने के लिए कार्य किया। राजधानी की खूबसूरती बढ़ाने के लिए जगह जगह विभिन्न प्रकार के सुंदर व आकर्षक स्टेचू आदि लगवाए। यमुना सफाई को लेकर विभिन्न चरणों में कार्य शुरू किए व वोट चलाने की योजना लाए जो अब अंतिम चरण में है। एलजी ने छात्रों के लिए आरंभ पुस्तकालयों का निर्माण कराया। इसके अलावा भी एलजी सक्सेना ने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण कार्य किए जिनके लिए उन्हें याद किया जाएगा।

## दिल्ली के अस्पतालों में रेबीज इंजेक्शन सहित अन्य दवाओं की भारी कमी से जनता परेशानः देवेंद्र

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली की भाजपा सरकार को घेरते हुए आरोप लगाए कि राज्य सरकार के अस्पतालों में एंटी रेबीज वैक्सीन और रेबीज इम्युनोग्लोबुलिन सहित अन्य जीवन रक्षक दवाओं की बेहद कमी है। उन्होंने कहा कि 2 मार्च से 6 मार्च तक कुत्तों द्वारा काटे जाने वाले हजारों प्रभावितों के अस्पतालों पहुंचने पर बांउसरों और सुरक्षा गार्ड उन्हें धक्का मारकर भगा रहे है। क्योंकि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में एंटी रेबीज वैक्सीन और रेबीज इम्युनोग्लोबुलिन उपलब्ध ही नहीं है। दिल्ली सरकार द्वारा जनवरी 2026 में रेबीज को नोटिफिएबल बीमारी घोषित करने के बावजूद अस्पतालों में एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध नही होना मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की दिल्ली के प्रति लापरवाही को दर्शाता है। यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी रेखा गुप्ता सरकार से मांग करती है कि बिना देरी किए तुरंत प्रभाव से सरकारी अस्पतालों में जनता के लिए जीवन रक्षक जरुरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें, क्योंकि लोकनायक अस्पताल, जीटीबी, बुराड़ी अस्पताल, अम्बेडकर अस्पताल, राजन बाबू टीबी अस्पताल, जीबी पंत अस्पताल व अन्य अस्पतालों में जीवन रक्षक एंटीबायोटिक्स, मधुमेह, हृदय संबधी, रेबीज व अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का भारी अभाव है।




## दिल्ली के किसानों को तीन महीने में मिलेंगे वैकल्पिक आवासीय प्लॉट : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी' ने डीडीए के उपाध्यक्ष डॉ. एन. सरवन कुमार के उस आदेश का स्वागत किया है जिसमें किसानों को वैकल्पिक आवासीय प्लॉट देने की योजना पर तीन महीने में अमल करने के लिए कहा गया है। सांसद बिधूड़ी ने कहा कि इससे लंबे समय से वैकल्पिक आवासीय प्लॉट का इंतजार कर रहे किसानों को न्याय मिल सकेगा। बिधूड़ी ने बताया कि आज दक्षिण-पूर्व जिला की डेवेलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (दिशा कमेटी) की बैठक में दिल्ली सरकार के साथ- साथ डीडीए के अधिकारी भी उपस्थित थे। उन अधिकारियों ने तीन महीने में वैकल्पिक प्लॉट दिए जाने के आदेश के बारे में जानकारी दी।




### दिल्ली ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने 20 लाख से अधिक की इंसुलिन स्टॉक की जब्त

# जीवन रक्षक दवाओं से जुड़े नियम का उल्लंघन करने पर होगी सख्त कार्रवाई : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के दिल्ली ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने राजधानी दिल्ली के होलसेल दवा मार्केट में विशेष एनफोर्समेंट ड्राइव चलाया। इस ड्राइव के दौरान कुल 20 लाख 6 हजार 24 रुपए कीमत की 2104 यूनिट इंसुलिन ज़ब्त की गईं। दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस ड्राइव का उद्देश्य दिल्ली के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित और बेस्ट क्वालिटी की दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराना था। विशेष रूप से इंसुलिन जैसी दवाएं, जिनके लिए सख्त कोल्ड चेन स्टोरेज और मेंटेनेंस को बनाए रखना जरूरी होता है। इंस्पेक्शन के दौरान कुल छह होलसेल दवा फर्मों की बारीकी से जांच की गई, जिनमें से चार फर्में ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 और ड्रग्स रूल्स, 1945 के कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करती हुई पाई गईं। निरीक्षण में बड़ी मात्रा में इंसुलिन प्रिपरेशन, जिनमें ट्रेसिबा फ्लेक्सटच 100यू/एमएल पेन, ग्लैरिटस 100यू/एमएल कार्ट्रिज, ह्यूमलॉग मिक्स50 क्विकपेन 100यू/एमएल, एपिड्रा सोलोस्टार 100यू/एमएल और टूजियो सोलोस्टार 300यू/एमएल शामिल हैं। कुछ सैंपल ऐसे लेबल के साथ पाई गई जिनपर इंस्टीट्यूशनल सप्लाई के लिए अंकित निशान मिटाए गए थे। संबंधित फर्में इन दवाओं के स्टॉक के लिए वैध खरीद रिकॉर्ड भी पूरी तरह प्रस्तुत नहीं कर पाईं। इसके अलावा दो फर्में नॉर्मल रूम टेम्परेचर पर इंसुलिन की तैयार स्टॉक की स्टोरेज करती पाई गईं, जो तय स्टोरेज नियमों का उल्लंघन है, क्योंकि इन दवाओं के लिए सख्त कोल्ड चेन मेंटेनेंस बनाए रखना अनिवार्य होता है। इस एनफोर्समेंट ड्राइव के दौरान कुल 20 लाख 6 हजार 24 रुपए कीमत की 2104 यूनिट इंसुलिन ज़ब्त की गईं।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि लोगों के लिए सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमारी सरकार दवा के स्टोरेज और डिस्ट्रीब्यूशन पर सख्त रेगुलेटरी निगरानी बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इंसुलिन जैसी जीवन रक्षक दवाओं से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने पर कानूनी प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भारतीय मजदूर संघ ने की परिवहन मंत्री पंकज सिंह के साथ बैठक, डीटीसी कर्मियों की रखी मांगें



नई दिल्ली। दिल्ली परिवहन मजदूर संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज सिंह के साथ एक बैठक की। प्रतिनिधिमंडल में भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री डॉक्टर दीपेंद्र चाहर, संगठन मंत्री कैलाश चंद मलिक, दिल्ली परिवहन मजदूर संघ प्रदेश अध्यक्ष गुगन सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद मलिक, महामंत्री भानू भास्कर तथा मंत्री विकास शर्मा शामिल थे। संगठन द्वारा दी गई जानकारी अनुसार परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज सिंह के साथ बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने डीटीसी व कर्मचारियों के उत्थान को लेकर विस्तार से चर्चा और गत 27 फरवरी 2026 को सौंपे गए ज्ञापन को लेकर भी बात हुई। चर्चा के बाद मंत्री पंकज ने पूरा भरोसा दिया कि जहां तक संभव होगा मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। बैठक में संगठन ने मांग रखी कि सभी अनुबंधित कर्मचारियों को जल्द से जल्द से जल्द स्थायी किया जाए, डीटीसी बेड़े में सरकार अपनी नई बसें खरीदकर शामिल करें, सेवानिवृत कर्मचारियों को पेंशन मिलने में आने वाली परेशानियां समाप्त की जाए और सेवारत तथा सेवानिवृत कर्मचारियों को कैशलेस मेडिकल सुविधा के दायरे में लाया जाए।

## खबर संक्षेप

### मोबाईल फोन चोरी करने के मामले में आरोपी धराया

**फरीदाबाद।** मोबाईल फोन चुराने के मामले में क्राईम ब्रांच सैक्टर-85 पुलिस ने एक व्यक्ति को काबू किया है। पुलिस यशपाल के अनुसार सुमित निवासी गांव खेड़ी कलां फरीदाबाद ने थाना भूपानी में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसका टेंट हाउस का काम है तथा गांव में ही ऑफिस है। 3 मार्च को किसी नामालुम व्यक्ति ने वहां से उसका मोबाईल फोन चुरा लिया था।



### 47 लाख रुपए की ठगी खाताधारक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 47,75,000 रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने खाताधारक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जितिन चौधरी निवासी गांव कोन्डली, पूर्व दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस अनुसार सेक्टर-88 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में शिकायत दी थी कि वह यस सिक्योरिटी नामक निवेश प्लेटफॉर्म से व्हाट्सएप के माध्यम से जुड़ा था। ठगों द्वारा दिए गए निवेश संबंधी प्रलोभन और जानकारी के आधार पर उसने इंट्रा-डे ट्रेडिंग, स्टॉक व दो आईपीओ में कुल 47,75,000 रुपए निवेश किये।



### वाहन चोर गिरफ्तार चोरीशुदा स्कूटी बरामद

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने थाना मुजेसर क्षेत्र में दर्ज वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक निवासी बल्लबगढ़ व विजय निवासी आदर्श नगर फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि लल्लन सिंह निवासी जीवन नगर पार्ट 2 फरीदाबाद ने पुलिस चौकी संजय कालोनी में दी अपनी शिकायत में बताया कि 4 जनवरी को उसने अपनी स्कूटी घर के बाहर खडी की थी। जब उसने सुबह उठकर देखा तो स्कूटी वहां नही थी। जिसे किसी नामपता नामालुम व्यक्ति ने चोरी कर लिया था। जिस संबंध में थाना मुजेसर में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।



महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना उद्देश्य

# महिला दिवस के अवसर पर सामुदायिक पुलिसिंग सेल फरीदाबाद द्वारा अमृता अस्पताल में हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसके अवसर पर सामुदायिक पुलिसिंग सेल फरीदाबाद द्वारा 6 मार्च को अमृता अस्पताल फरीदाबाद में महिला पुलिस कर्मियों के लिए विशेष हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा महिलाओं से जुड़े सामाजिक मुद्दों के प्रति उन्हें संवेदनशील बनाना था। कार्यक्रम की शुरुआत सामुदायिक



पुलिसिंग सेल फरीदाबाद की प्रभारी निरीक्षक सुनीता द्वारा की गई। इस अवसर पर उन्होंने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के विषय में अपने विचार सांझा किये। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रत्येक बेटी को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना होगा। शिक्षा ही वह माध्यम है जिसके द्वारा महिलाओं के खिलाफ होने वले अपराधों को कम किया जा सकता है। निरीक्षक सुनीता ने उपस्थित महिलाओं को क्राइम अगेंस्ट वीमेन तथा चाइल्ड मैरिज एक्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि बाल विवाह हमारे समाज की एक गंभीर कुप्रथा है, जो बेटियों को कमजोर बनाती है और उनके अधिकारों तथा भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। ऐसी कुरीतियां महिलाओं के प्रति होने वाले अत्याचारों को बढ़ावा देती हैं, इसलिए इनसे संबंधित कानूनों की जानकारी रखना और उनका पालन करना अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम में फरीदाबाद के तीनों महिला थाना के प्रबंधक एवं महिला पुलिस कर्मियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

डीसी ने की सीएम अनाउंसमेंट के विकास कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

# मुख्यमंत्री घोषणाओं पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें अधिकारी: डीसी आयुष सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिले में विकास कार्यों को गति देने और उनकी वास्तविक स्थिति को पारदर्शी तरीके से जनता व सरकार के समक्ष प्रस्तुत करने के उद्देश्य से उपायुक्त आयुष सिन्हा ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में वन विभाग, नगर निगम, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, यूएलबी, आरटीओ एवं खेल विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।




समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों ने अपने-अपने विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। शिक्षा विभाग ने सराय ख्वाजा, डबुआ, सारन, ओल्ड फरीदाबाद, पीपली खेड़ा और एनआईटी क्षेत्र में निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित स्कूलों की स्थिति से अवगत कराया तथा उनके निर्माण और जीर्णोद्धार संबंधी कार्यों पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही फरीदाबाद के सेक्टर-10 स्थित गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा डबुआ गांव क्षेत्र में स्कूल भवन से संबंधित मामलों पर भी चर्चा की गई। स्वास्थ्य विभाग ने पल्ला सेहतपुर व खेड़ी गुजरान सब.हेल्थ स्टेशन के अपग्रेडेशन संबंधी जानकारी बैठक में सांझा की। फायर एंड इमरजेंसी विभाग की समीक्षा में एनआईटी क्षेत्र में प्रस्तावित नए फायर स्टेशन की प्रगति पर चर्चा हुई, साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर में चल रहे कार्यों की स्थिति से भी अधिकारियों ने अवगत कराया। वाईएमसीए साइंस एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी के नए परिसर के विकास कार्य की भी समीक्षा की गई। नगर निगम द्वारा भाखड़ी-पाली सडक़, वार्ड नंबर-10 में आरसीसी नाला, गांव गौछी में वेलकम गेट गांव गोठरा सडक़ के कार्य की वर्तमान स्थिति के बारे में अवगत कराया। वन विभाग द्वारा गांव पाली में निर्माणाधीन पौंड और चेक डैम की स्थिति के बारे में जानकारी दी। डीसी आयुष सिन्हा ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाएं सीधे तौर पर जनता की अपेक्षाओं और क्षेत्र के विकास से जुड़ी होती हैं। इसलिए इन घोषणाओं पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करना सभी विभागों की प्रमुख जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्राधिकार में चल रहे सभी कार्यों की नियमित निगरानी करें और प्रोजेक्ट की निर्धारित समय सीमा का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि कार्य के दौरान किसी भी स्तर पर कोई बाधा या समस्या उत्पन्न होती है।

नारी शक्ति से ही समाज और राष्ट्र सशक्त बनते हैं

# महिला सशक्तिकरण ही राष्ट्र और समाज की ताकत: पंकज पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। नगर निकाय और पंचायत चुनावों में महिलाओं को आरक्षण देकर उनकी भागीदारी बढ़ाई गई है। साथ ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उनके सम्मान और स्वाभिमान को मजबूत किया गया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज रामपाल ने आगे कहा कि महिला दिवस मनाने के लिए किसी एक दिन की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि महिलाओं का महत्व हर दिन है। उन्होंने कहा कि नारी धैर्य, संवेदनशीलता और अपार शक्ति का प्रतीक है तथा उसे परिवार की प्रथम शिक्षिका माना जाता है। उन्होंने कहा कि नारी ही समाज और परिवार की आधारशिला है, इसलिए महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण समाज की सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल में एक गरिमामयी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शहादत से हर कोई शोक में डूबा

# गुरुग्राम के स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ सुखोई लड़ाकू विमान हादसे में शहीद

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

साइबर सिटी गुरुग्राम निवासी स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ असम में वायुसेना के लड़ाकू विमान सुखोई-30 के हादसे में शहीद हो गए हैं। जैसे ही परिवार को इस घटना की जानकारी मिली तो घर में मातम छा गया। घर में कई दिन से अनुज की शादी की तैयारियां चल रही थी। उनकी शहादत से हर कोई शोक में डूब गया है।

हरियाणा के भिवानी मूल के स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ (29) का परिवार वर्तमान में गुरुग्राम के सेक्टर-22 बी में रह रहा है। उनके परिवार में पिता सूबेदार आनंद प्रकाश, माता अनिता देवी व एक छोटा भाई है। अनुज वशिष्ठ ने अपनी शुरुआती पढ़ाई गुरुग्राम के सेक्टर-14



स्थित केंद्रीय विद्यालय से की थी और उसके उपरांत भारतीय वायुसेना ज्वाइन की थी। अनुज वशिष्ठ वायुसेना के सुखोई-30 लड़ाकू विमान पर सवार थे। जिस विमान में वे सवार थे, वह प्रशिक्षण मिशन पर था। जोरहाट हवाई अड्डे से उड़ान भरने की कुछ देर में विमान लापता हो गया। वायुसेना की ओर से त्वरित तलाशी अभियान भी चलाया गया। इस दौरान पता चला कि असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में जोरहाट से करीब 60 किलोमीटर की दूरी पर विमान क्रैश हो गया है। विमान में सवार वायुसेना ने दोनों पायलट स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरगकर की मौत हो गई। अनुज वशिष्ठ के पिता आनंद कुमार सेना में सुबेदार पद से सेवानिवृत हैं। अनुज के रिश्तेदार चंद्रप्रकाश (हरियाणा पुलिस से सेवानिवृत) के मुताबिक अनुज वशिष्ठ करीब दस साल पहले भारतीय वायुसेना में शामिल हुए थे। घर में अनुज की शादी की तैयारियां चल रही थी। विमान हादसे की खबर मिलते ही शादी की तैयारियां मातम में बदल गई। अनुज के शहीद होने से हर कोई गमगीन हो गया।

## यूपीएससी में फरीदाबाद का दबदबा कायम, कनिष्क अग्रवाल ने पाई 72वीं और नीरज यादव ने 598वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी)ने सिविल सर्विस एग्जाम 2025 फाइनल रिजल्ट आज जारी कर दिया है। राजस्थान के कोटा के अनुज अग्निहोत्री ने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की है।



यूपीएससी के अनुसार देश भर से कुल 958 उम्मीदवारों ने अलग-अलग सिविल सेवाओं के लिए क्वालिफाई किया है। फरीदाबाद के कनिष्क अग्रवाल ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 72 वीं रैंक प्राप्त की। पिछले वर्ष भी उन्होंने फरीदाबाद में 279 रैंक प्राप्त की थी और उनका चयन भारतीय राजस्व सेवा के लिए हुआ था। अब उनका चयन भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए होगा। फरीदाबाद के मिर्जापुर निवासी नीरज यादव ने 598 वें रैंक से भी सिविल सर्विस एग्जाम 2025 पास किया है।

## रैपर बादशाह का शेल्टर 6 चर्चा में

**गुरुग्राम।** भारतीय रैपर बादशाह का प्रीमियम ब्रांड शेल्टर 6 लॉन्च होते ही चर्चा में आ गया। नवंबर 2025 में शुरू हुई इस कंपनी ने महज तीन महीने में 5.46 करोड़ रुपए का कारोबार किया और 696 दुकानों तक



अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इस दौरान 2,908 केस बिके — हर केस में 12 यूनिट, यानी कुल 34,896 यूनिट्स बिके। देश में फिलहाल यह महाराष्ट्र, गोवा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में उपलब्ध है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) अरुण उर्फ बल्लू पुत्र** जग मोहन लाल, **निवासी** म0 नं0–68/2, गली नं0–1, अजीत विहार, बुराड़ी, दिल्ली, **(2) संदीप कुमार पुत्र** संत विजय, **निवासी** म0 नं0 810, ब्लॉक–बी, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, गली नं0–23, अमृत बिहार, उत्तरी दिल्ली–84, ने **FIR No. 384/2021, U/S 308/326/201/120B/34 IPC & 25/27/54 Arms Act, पुलिस स्टेशन स्वरूप नगर, बाहरी–उत्तर जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 384/2021, U/S 308/326/201/120B/34 IPC & 25/27/54 Arms Act, पुलिस स्टेशन स्वरूप नगर, बाहरी–उत्तर जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **(1) अरुण उर्फ बल्लू (2) संदीप कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.04.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री वंदना**
**DP/2897/NW/2026** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–02 (उत्तर),
**(Court Matter)** कमरा नं0–202, द्वितीय तल, जिला कोर्ट रोहिणी, दिल्ली

पुलिस मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं आरोपी दोनों भाई

# सलीम वास्तिक पर कातिलाना हमले की घटना का सीसीटीवी फुटेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

लोनी इलाके में यूट्यूबर सलीम वास्तिक के कार्यालय में घुसकर कातिलाना हमला की वारदात का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जो घटना की भयावहता को दर्शा रहा है। वीडियो में हेलमेट पहने दो युवक सलीम के कार्यालय में घुसे और सलीम पर धारदार हथियार से लगातार वार करते हैं। पहले दोनों हत्यारे सलीम का गला रेतते हैं फिर एक हमलावर उसे पकड़ता है, तो दूसरा



भारी और नुकीली चीज से लगातार हमला करता है। एक हत्यारा लगातार कहता रहा कि मारो, अरे कोई नहीं मारो। घटना 27 फरवरी की सुबह की नमाज के कुछ समय बाद लोनी के अली गार्डन स्थित सलीम वास्तिक के दफ्तर में हुई। फुटेज में सलीम अपने कार्यालय में सोफे पर लेटे हुए थे। तभी दो व्यक्ति हेलमेट पहनकर वहां आए।

बैठक का उद्देश्य स्कूलों के बाहर ट्रैफिक जाम व्यवस्था बेहतर सुनिश्चित करना

# ट्रैफिक व्यवस्था सुधार के बारे में स्कूल प्रबंधनों के साथ डीसीपी ट्रैफिक की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ट्रैफिक व्यवस्था सुधार के बारे स्कूल प्रबंधनों के साथ डीसीपी ट्रैफिक ने बैठक ली पुलिस यशपाल ने बताया कि 6 मार्च को डीसीपी ट्रैफिक फरीदाबाद जयवीर सिंह द्वारा जिला के विभिन्न स्कूलों के प्रबंधकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्कूल खुलने, छुट्टी के समय स्कूलों के बाहर लगने वाले ट्रैफिक जाम, अव्यवस्थित पार्किंग और विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना रहा। यह बैठक दो चरणों में आयोजित की गई। पहले चरण में शहर के उन प्रमुख स्कूलों के प्रबंधकों के साथ बैठक की गई जिनके आसपास प्रायः ट्रैफिक जाम की समस्या अधिक रहती है। इस चरण की बैठक डीसीपी ट्रैफिक जयवीर सिंह द्वारा ली गई। वहीं



दूसरे चरण में शहर के अन्य स्कूलों के प्रबंधकों के साथ बैठक विकास कुमार एसीपी ट्रैफिक द्वारा आयोजित की गई। बैठक में लगभग तीस से अधिक स्कूलों के प्रबंधक, प्रशासनिक अधिकारी व प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर इंस्पेक्टर अनोज कुमार, एसएचओ ट्रैफिक भी मौजूद रहे और उन्होंने भी ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव सांझा किए।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | विद्युत मण्डल, एचएसएएम बोर्ड, रोहतक के अधिकार-क्षेत्र में एचएसएएमबी की अवसंरचना (बिल्डिंग और पीईबी शैड्स) में मार्केट कमेटियों के विभिन्न विद्युत कनेक्शनों के लिए रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट्स की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन + 1 कार्य। | 05.03.2026 20.03.2026 | रु. 5,62,57,167/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/43594/I/88/7 दि. 06.03.26

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अनंत इंटरनेशनल के ज़रिए प्रोप **मुकेश जैन** निवासी शसवंत विला सी-1/3, डी-1 मॉडल टाउन (पीएनबी बैंक वाली गली के सामने) दिल्ली ने **सीटी संख्या 9780/2019 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना शालीमार बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश जैन** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **मुकेश जैन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **मुकेश जैन, सीटी संख्या 9780/2019 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना शालीमार बाग, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.04.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री गौरव कटारिया**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-07
रूम नंबर 208, दूसरी मंज़िल, उत्तर-पश्चिम जिला
**DP/2890/NW/2026** रोहिणी न्यायालय दिल्ली

आरोपियों के कब्जे से पिस्टल, लाठी व लोहे की रॉड बरामद

# मारपीट व छेड़छाड़ के मामले में दो गिरफ्तार थाना पल्ला की टीम की कार्रवाई, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

महिला की लज्जा भंग करने तथा उसके परिवारजनों के साथ मारपीट करने के मामले में थाना पल्ला की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान जैकी कुमार निवासी बदरपुर नई दिल्ली तथा अरुण कुमार निवासी गंगाराम कॉलोनी फरीदाबाद के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार सेक्टर-91 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने थाना पल्ला में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 4 मार्च को जैकी ऑटो लेकर उनके घर के



सामने आया और ऑटो में तेज आवाज में अश्लील गाने बजाने लगा तथा गंदे इशारे करने लगा। जब महिला ने उसे ऐसा करने से मना किया तो जैकी व उसके परिवार के सदस्यों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और छेड़छाड़ की। महिला द्वारा शोर मचाने पर उसके परिवारजन मौके पर आ गए, जिसके बाद आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। आरोपी अरुण घर से पिस्टल निकालकर लाया और जान से मारने की धमकी दी। महिला की शिकायत पर थाना संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी जैकी के जीजा अरुण की शिकायतकर्ता के परिवार के साथ पुरानी रंजिश थी।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरूग्राम जिले में सीएचसी घंघोला में सम्मेलन कक्ष और जैव चिकित्सा अपशिष्ट कक्ष का निर्माण। | बंद होने की तिथि 11.03.2026 | 26.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव फतेहपुर तग्गा ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में त्यागी वाला बारात घर का निर्माण, एचजीवीवाई सीएम + 1 कार्य। | 05.03.2026 12.03.2026 | 100 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | बुधा – गांव बुधा ब्लॉक लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र में मिनी बैंक से एससी धर्मशाला और बालक राम के मकान तक फिरनी का निर्माण + 7 कार्य। | 05.03.2026 19.03.2026 | 217.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज ढाण्ड | गांव फरल में चारदिवारी, मिट्टी भराई और पार्क के फुटपाथ का निर्माण, सी.एम. घोषणा + 4 कार्य। | 05.03.2026 11.03.2026 | 43.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416550000 sutharprithviraj1972@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा हिसार | राशि रु. 269.35 लाख के लिए ईओटी 5 टन क्रेन की आपूर्ति समेत ओ.पी. जिन्दल नलवा डिस्टी. पम्प हाउस को बदलने के लिए सभी एक्सेसरीज सहित वीटी पम्प्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के लिए आकलन। | 05.03.2026 20.03.2026 | 269.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662239534 xenwsdmechhsr@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | बी.एस.बी. पर ओ/एल आरडी 56372/एल पर क्षतिग्रस्त लाइन डब्ल्यू/सी की रिमॉडलिंग + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 17.03.2026 | 248.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच–11/2026/120/43589/I/88/7 दि. 06.03.26

# आस्था जैन ने 9वीं तो सुरभि यादव ने हासिल की 14वीं रैंक, यूपी की बेटियों ने गाड़े झंडे

**संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। इस बार उत्तर प्रदेश की आस्था जैन ने 9वीं और सुरभि यादव ने 14वीं रैंक हासिल कर प्रदेश का मान बढ़ाया है।वहीं बिहार राघव, उज्ज्वल, रविराज, मोनिका श्रीवास्तव और झारखंड की सुदीपा दत्ता ने भी रच दिया इतिहास...**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ/ पटना /रांची

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए हैं। इसमें उत्तर प्रदेश के शामली की 23 वर्षीय आस्था जैन ने अद्भुत सुधार दिखाते हुए 9वीं रैंक प्राप्त की, जबकि पिछले साल वह 186वें स्थान पर थीं. वहीं, अमरोहा की सुरभि यादव ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 14वीं रैंक हासिल की।

## 41वां रैंक लाकर झारखंड की सुदीपा दत्ता ने रचा इतिहास

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 में



झारखंड के दुमका की रहने वाली सुदीपा दत्ता ने 41वां रैंक हासिल किया है। यह उनका तीसरा प्रयास था। इस लिस्ट में बिहार-झारखंड के कई सफल उम्मीदवार शामिल हैं, जिसमें धनबाद से श्रुति मोदी हैं। जिन्होंने 569 रैंक हासिल किया है।

## यूपी की आस्था जैन 9वीं रैंक

शामली की आस्था जैन ने महज एक साल के भीतर 186वीं रैंक से



टॉप-10 (9वीं रैंक) तक का सफर तय किया। पहले प्रयास में उन्होंने 131वीं रैंक हासिल की और आइपीएस बनी थीं, लेकिन उनका लक्ष्य आइएएस बनना था, इसलिए उन्होंने फिर से साल 2024 में परीक्षा दी तब 186 रैंक आई थी। इस बार तीसरे प्रयास में आस्था जैन ने नौवीं रैंक हासिल की है।

## अमरोहा की सुरभि को 14वीं रैंक


अमरोहा की रहने वाली सुरभि यादव ने 14वीं रैंक पाकर सबको



चौंका दिया। सुरभि ने दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज से स्नातक किया है और वे अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता को देती हैं।सुरभि को वारली पेंटिंग और बेकिंग का भी शौक है। सुरभि यादव ने बताया था कि वह अमरोहा जिले के एक छोटे से गांव सांगा की रहने वाली हैं।

## बिहार के राघव टॉप 5 में आए

संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा के फाइनल रिजल्ट ने



इस बार बिहार को गर्व करने का बड़ा मौका दिया है। दरअसल इस बार बिहार के मुजफ्फरपुर के राघव झुनझुनवाला ने 5वीं रैंक प्राप्त कर बिहार का नाम रोशन कर दिया है। राघव की इस उपलब्धि के बाद उनके परिवार, दोस्तों और पूरे शहर में खुशी की लहर है।

## वैशाली के उज्ज्वल टॉप 10 में

वैशाली जिले के बिदुपुर प्रखंड अंतर्गत बिदुपुर पंचायत के वार्ड संख्या 03,



बिदुपुर दिलावरपुर पूर्वी निवासी अभियंता संजीव कुमार के इकलौते पुत्र उज्ज्वल प्रियांक ने यूपीएससी की अंतिम परीक्षा में ऑल इंडिया 10वीं रैंक हासिल कर गांव, जिला और राज्य का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उज्ज्वल प्रियांक के पिता अभियंता संजीव कुमार एक कुशल किसान भी हैं।।

## नवादा के रवि राज को 20वीं रैंक

बिहार के नवादा जिले के अकबरपुर प्रखंड अंतर्गत महुली गांव



के रहने वाले रवि राज ने रैंक 20 हासिल की है। वे आईएएस बनेंगे। उनकी इस उपलब्धि से परिवार गदगद है। रिजल्ट के बाद रवि राज से शुक्रवार को कहा कि उन्होंने रैंक 20 हासिल की है। बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे अभी बिहार में नहीं हैं।

## बिहार की मोनिका को बड़ी सफलता

बिहार की मोनिका श्रीवास्तव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में



16वां स्थान हासिल किया है।मोनिका श्रीवास्तव मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद की रहने वाली हैं। उनकी इस सफलता से परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। मोनिका के पिता ई.बी.के. श्रीवास्तव और मां भारती श्रीवास्तव ने बेटी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि उसकी मेहनत और लगन का परिणाम आज सबके सामने है।

# पेज एक का शेष

### राजस्थान के अनुज ...

पहले भी दो बार यूपीएससी में चयनित हो चुके हैं। लिखित परीक्षा अगस्त 2025 में आयोजित हुई थी, जबकि इंटरव्यू दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच लिए गए। चयनित उम्मीदवारों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और केंद्रीय सेवाओं (ग्रुप 'ए' और 'बी') में नियुक्ति के लिए सिफारिश की गई है। आयोग ने बताया कि 348 उम्मीदवारों का चयन फिलहाल प्रोविजनल (अस्थायी) रखा गया है। इन उम्मीदवारों के दस्तावेजों और अन्य जरूरी प्रक्रियाओं के सत्यापन के बाद ही उनके चयन को अंतिम रूप दिया जाएगा। वहीं, दो उम्मीदवारों का परिणाम फिलहाल रोक दिया गया है। आयोग ने इन उम्मीदवारों के परिणाम को कुछ कारणों से फिलहाल जारी नहीं किया है। उम्मीदवारों के अंक परिणाम घोषित होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर वेबसाइट पर जारी कर दिए जाएंगे।

### देश की सेवा में ..

गौरवान्वित किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर उनके माता-पिता से फोन पर बात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। सिविल सेवा में चयनित देश-प्रदेश के सभी प्रतिभाशाली युवाओं को भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। मुझे विश्वास है कि आप सभी 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश की सेवा में अपना योगदान देंगे।

### उपलब्धि कड़ी ...

पर खरा उतरेंगे। प्रधानमंत्री ने उन उम्मीदवारों को भी हौसला दिया जिन्हें इस बार अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षण निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं, लेकिन यह जीवन की लंबी यात्रा का केवल एक चरण है। उन्होंने अभ्यर्थियों से निराश न होने और आगे आने वाले अवसरों के लिए प्रयास जारी रखने की अपील की। अपने संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि जिन अभ्यर्थियों को मनचाहा परिणाम नहीं मिला है, वे इसे अंतिम मंजिल न मानें। आगे कई अवसर मौजूद हैं, चाहे वह आगामी परीक्षाएं हों या देश की सेवा करने के अन्य रास्ते।

### सुखोई विमान हादसे ...

से दूरी लगभग 60 किलोमीटर है।

**ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा थे पुरवेश:** गौरतलब है कि इस हादसे में जान गवाने वाले फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरागकर ने पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और उसके आतंकी ठिकानों को मटियामेट करने के लिए किए गए भारतीय सशस्त्र सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर अभियान में भी भाग लिया था।

**सुखोई से जुड़ी पांचवीं दुर्घटना :** बीते कुछ वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो ये सुखोई लड़ाकू विमान से जुड़ा पांचवां हादसा है। इससे पहले वर्ष 2018, 2019 में भी यह विमान दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। वर्ष 2024 में महाराष्ट्र के नासिक में और उससे एक साल पहले यानी 2023 में मध्य-प्रदेश के ग्वालियर में भी एक सुखोई लड़ाकू विमान हादसे का शिकार हो गया था। वर्तमान में चीन-पाकिस्तान की सीमा से मिल रही साझा युद्ध की चुनौती के बीच वायुसेना के सामने सबसे बड़ी समस्या उसका तेजी से घटता लड़ाकू विमानों का बेड़ा है। इस चुनौती से दो-दो हाथ करने के लिए बल को कुल अधिकृत 42 स्क्वाड्रन की आवश्यकता है। जबकि उसके पास अभी इनकी संख्या 30 के करीब बनी हुई है। सुखोई-30 विमानों की कुल 13 स्क्वाड्रन वायुसेना के पास हैं। एक स्क्वाड्रन में विमानों की संख्या 16 से 18 तक होती है। ऐसे में वायुसेना के पास फिलहाल सुखोई विमानों की कुल संख्या करीब 234 है।

### ईरान ने बंद नहीं ...

बयान भारत के लिए खासी अहमियत रखता है। क्योंकि हमारे कच्चे तेल और गैस के अधिकतर आयातित भाग की आपूर्ति इसी समुद्री मार्ग से होती है। युद्ध के बीच देश में उक्त आपूर्ति बाधित होने और महंगाई बढ़ने का खतरा बना हुआ है।

### युद्ध की जड़ ...

बॉम्बिंग का शिकार हैं।

**ट्रंप को दिखाया आईना:** ईरान के उप-विदेश मंत्री ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि वह ईरान में सत्ता परिवर्तन या भावी सर्वोच्च नेता की नियुक्ति करना चाहते हैं। जबकि हकीकत यह है कि वो न्यूयॉर्क के मेयर तक की नियुक्ति नहीं कर सकते हैं। खतीबजादे ने कहा, अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों का सीधा-सीधा उल्लंघन है। जिसके जवाब में अब ईरान सीधे क्षेत्र में मौजूद अमेरिका के सैन्य ठिकानों (आबादी के बीच स्थित सैन्य अड्डे भी शामिल) को निशाना बना रहा है। यहीं से हम पर हमले हो रहे हैं। इसके अलावा युद्ध के बीच बातचीत का रास्ता खुला होने का संकेत देते हुए ईरानी मंत्री ने कहा कि लड़ाई के बीच हमारी भूमिका प्रतिरोध करने से जुड़ी हुई है। लेकिन अगर आक्रामकता दिखाने वाले संघर्ष को रोकने के विकल्प का चयन करते हैं। तो हम भी तैयार हैं। मगर ईरान चाहता है कि किसी भी तरह की बातचीत तानाशाही के अंदाज में नहीं, समझौते वाली होनी चाहिए।

**अस्तित्व की लड़ाई, अंतिम सांस तक लड़ेंगे:** उन्होंने कहा कि युद्ध की रणनीति के संदर्भ में ईरान की सोच शतरंज के खेल से मेल खाती है। हम अमेरिकी फुटबॉल वाली मानसिकता में विश्वास नहीं करते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे रियलिटी शो जैसी चीज बना दिया है। उन्होंने हमारे प्राथमिक स्कूल पर बमबारी की है। वो (अमेरिका) हमारे अस्तित्व को खत्म करने का फैसला ले चुके हैं। ऐसे में अब हमारे पास होर्मुज की खाड़ी के इलाके में उनके अस्तित्व को खत्म करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचा है। ईरान अपने दुश्मन को पीछे धकेलेगा। यहां मैं यह भी साफ कर दूं कि ईरान अपनी अंतिम सांस तक लड़ेगा। खतीबजादे ने अमेरिका के ईरान में सत्ता परिवर्तन के तर्क को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि बात अगर सिर्फ इतनी होती तो हमारे सर्वोच्च धार्मिक नेता के मारे जाने के बाद पूरा देश या शासन ढह जाता। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। बल्कि हम बतौर एक सरकार, समाज या देश के रूप में डटकर खड़े रहे हैं।

**अत्याचारों के खिलाफ खड़ा होना चाहिए :** संवाद से इतर पत्रकारों से बातचीत में ईरान के उप-विदेश मंत्री सईद खतीबजादे ने कहा कि आज मेरी डॉ. एस. जयशंकर के साथ मुलाकात हुई है। वर्तमान हालात में अंतरराष्ट्रीय कानून पर हमला हुआ है और अत्याचारों के खिलाफ खड़ा होने की आवश्यकता है। ईरान साहसिक रूप से राष्ट्रवाद का प्रदर्शन कर रहा है। जबकि दोनों देशों का हमारे खिलाफ औपनिवेशिक सोच वाला मिशन जारी है। खतीबजादे ने अमेरिका द्वारा हिंद-महासागर क्षेत्र में ईरान के जहाज आईआरआईएस डेना को डुबोने की घटना को अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जहाज पर कोई हथियार नहीं थे, वो खाली था। लेकिन फिर भी उसे निशाना बनाया गया। जिसमें कई निर्दोष ईरानी नाविकों की मौत हो गई है। यहां बता दें कि बीते करीब एक-दो दिन के भीतर भारत और ईरान के शीर्ष नेताओं के बीच हुई ये तीसरी मुलाकात है। पूर्व में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने नई दिल्ली में ईरान के दूतावास में जाकर भारत की तरफ से शीर्ष ईरानी नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत को लेकर शोक संवेदनाएं प्रकट की थीं। उसके बाद विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची से टेलीफोन पर बातचीत की थी। जयशंकर और खतीबजादे की मुलाकात को लेकर सरकार की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

### भारत के पास तेल ...

द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की सप्लाई स्थिर बनी हुई है। जिसका महज 30% होर्मुज की खाड़ी से आता है।

### छोटे-निर्णायक युद्धों ...

को खुलकर उजागर कर दिया है।

**कोलंबो पहुंचा नौसेना का जहाजः** हाल ही में अमेरिकी हमले का शिकार हुए ईरान के जहाज आईआरआईएस डेना से जुड़े राहत-बचाव अभियान में मदद प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना का जहाज आईएनएस तरंगिनी 6 मार्च की सुबह कोलंबो पहुंच गया है। जिसका उद्देश्य राहत और बचाव कार्यों में सहयोग प्रदान करना है। वहीं, ईरान के एक बयान के मुताबिक, भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत में अमेरिका द्वारा निशाना बनाए गए ईरानी जहाज आईआरआईएस डेना के मामले पर भी चर्चा की गई थी।

**कोच्चि में ईरानी जहाज को दी शरणः** उधर, अमेरिका के ईरानी जहाज पर किए गए हमले के घटनाक्रम और उससे संबंधित उठते सवालों के बीच सरकार के सूत्रों ने बताया कि भारत ने कोच्चि में ईरान के तीसरे युद्धपोत आईआरआईएस लावन को शरण दी है। जिसके लिए बीते 28 फरवरी को ईरान ने अनुरोध किया था। मुख्य रूप से अनुरोध में यह कहा गया था कि जहाज में तकनीकी खामी के चलते इसका कोच्चि में रुकना बेहद जरूरी है। 1 मार्च को भारत ने इस संबंध में अपनी मंजूरी प्रदान की थी। 4 मार्च से ईरान का ये जहाज कोच्चि बंदरगाह पर खड़ा है। जबकि इसमें सवार सभी 183 सदस्यों को नौसेना की सुविधाओं में ठहराया गया है। इस बाबत भारत को ईरान का अनुरोध डेना जहाज दुर्घटना से कुछ दिन पहले मिला था। आईआरआईएस लावन भारतीय नौसेना की मेजबानी में आयोजित किए गए अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू में भाग लेने के लिए क्षेत्र में आया था।

**इन देशों के प्रतिनिधियों से मिले जयशंकर :** रायसीना संवाद से इतर विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर की कई देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात हुई है। जिसमें ईरान के उप-विदेश मंत्री के अलावा अमेरिका के उप-विदेश सचिव क्रिस्टोफर लैंडो, मॉरीशस, श्रीलंका, केन्या, भूटान के विदेश मंत्री शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री नायब ...

प्रतिबद्ध है। हरियाणा में निवेश करने के लिए आने वाले निवेशकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी और उनके हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में उद्योगों के विस्तार से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और प्रदेश की आर्थिक प्रगति को और गति मिलेगी।

बैठक के दौरान गुरुग्राम में सिंगापुर इंडिया बिज़नेस फॉरम का बिज़नेस सेंटर स्थापित करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम में बिज़नेस सेंटर स्थापित होने से सिंगापुर की कंपनियों को हरियाणा में अपने कार्यालय खोलने और निवेश करने के लिए एक बेहतर मंच मिलेगा। इससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध और अधिक मजबूत होंगे।

इस अवसर पर सिंगापुर इंडिया बिज़नेस फॉरम के अध्यक्ष श्री प्रसून मुखर्जी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सिंगापुर आने का आमंत्रण दिया। मुखर्जी ने कहा कि सिंगापुर इंडिया बिज़नेस फॉरम के निवेशक सिंगापुर सरकार के साथ मिलकर हरियाणा में निवेश के अवसरों को लेकर काफी उत्साहित हैं और भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं।

बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### आज की राजनीति ...

अहंकार और घमंड दिखाई देता है।

**संविधान की भावना में संतों के विचार समाहितः** संविधान का उल्लेख करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कई लोग संविधान को केवल आज़ादी के बाद अपनाया गया एक दस्तावेज मानते हैं, जबकि वास्तव में इसमें भारत की प्राचीन ज्ञान परंपराओं और संत-महात्माओं की शिक्षाओं का सार समाहित है। उन्होंने कहा कि नारायण गुरु जैसे संतों के विचार भी संविधान की भावना में प्रतिबिंबित होते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि संविधान हमें कमजोर और वंचित लोगों के प्रति प्रेम और सम्मान का संदेश देता है और यह भी सिखाता है कि जो हमसे कमजोर हैं, उन पर अत्याचार नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यही मूल्य नारायण गुरु की शिक्षाओं के केंद्र में भी थे।

**नारायण गुरु ने संवाद और करुणा का रास्ता दिखाया :** नारायण गुरु के जीवन की एक घटना का उल्लेख करते हुए राहुल गांधी ने बताया कि एक बार उनके आश्रम से आम चोरी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ भी उन्होंने हिंसा का विरोध किया था। उनका मानना था कि गलती को समझाकर सुधारा जाना चाहिए, न कि क्रूरता से दंड देकर। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि नारायण गुरु की प्रार्थना में अंधकार से ज्ञान की ओर बढ़ने की बात कही गई है, लेकिन आज की राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में अक्सर इसका उल्टा देखने को मिलता है, जहां मतभेद होने पर हिंसा और टकराव का रास्ता अपनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज राजनीति में असहमति होते ही हमले और शत्रुता बढ़ जाती है, जबकि नारायण गुरु और महात्मा गांधी दोनों ने संवाद, करुणा और क्षमा का रास्ता दिखाया था।

**महात्मा गांधी के पास सत्य की शक्ति :** राहुल गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी ने शक्तिशाली ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई लड़ी, जिसके पास ताकत तो थी, लेकिन नैतिक शक्ति नहीं थी। उन्होंने कहा कि गांधी के पास सत्य की शक्ति थी, जो अंततः विजयी हुई। उन्होंने कहा कि नारायण गुरु के पास न धन था और न ही राजनीतिक सत्ता, फिर भी वे केरल के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्वों में से एक बने और उनके विचार आज भी समाज को प्रेरित कर रहे हैं।

### कृषि भारतीय ...

किया है। मौजूदा योजनाओं की सफलता के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि 10 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 4 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्राप्त हुई है और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लगभग 2 लाख करोड़ रुपए के बीमा दावों का निपटारा किया गया है। मोदी ने यह भी कहा कि संस्थागत ऋण कवरेज 75 प्रतिशत से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि इन अनेक प्रयासों से किसानों के जोखिम कम हुए हैं और उन्हें बुनियादी आर्थिक सुरक्षा मिली है।

**बजट प्रावधानों के कार्यान्वयन में तेजी आएगी :** खाद्यान्न और दालों के रिकॉर्ड उत्पादन पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने 21वीं सदी की दूसरी तिमाही की शुरुआत के साथ ही इस क्षेत्र में नई ऊर्जा डालने का आह्वान किया। इस वर्ष के केंद्रीय बजट में इस दिशा में किए गए नए प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए, पीएम मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि वेबिनार की चर्चाओं से बजट प्रावधानों के कार्यान्वयन में तेजी आएगी। मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि इस वेबिनार में हुई चर्चा और उससे प्राप्त सुझाव जमीनी स्तर पर बजट प्रावधानों को यथाशीघ्र लागू करने में सहायक साबित होंगे।

### खेती की लागत कम...

प्राथमिकताएं हैं। शिवराज ने 'कृषि और ग्रामीण परिवर्तन' के विषय पर आयोजित पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि के दृष्टिकोण से यदि देखा जाए तो नारियल, काजू आदि फसलों के उत्पादन को बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए बुआई क्षेत्र का विस्तार करना होगा और उत्पादकता भी बढ़ानी होगी। इस वेबिनार का उद्देश्य बजट में घोषित योजनाओं को अमल में लाने पर चर्चा के साथ इन विषयों पर लोगों का सुझाव लेना था जिससे इन्हें जमीन पर सफलतापूर्वक उतारा जा सके। वेबिनार के समापन सत्र को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने संभाला

# नीतीश के राज्यसभा जाने पर रोने लगे मंत्री व विधायक



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले पर जनता दल यूनाइटेड के मंत्री और विधायक भावुक हो गए। नीतीश के आवास पर शुक्रवार शाम को हुई जेडीयू विधानमंडल दल की बैठक में मंत्री-विधायक रोने लगे। उनकी आंखों से आंसू आ गए। इसके बाद नीतीश ने उन्हें भरोसा दिलाया और कहा कि वह अपने कार्यकर्ताओं से हमेशा जुड़े रहेंगे और उनका मार्गदर्शन करते रहेंगे। बैठक के बाद जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने मीडिया को यह जानकारी दी।

### बिहार में सियासत गर्म

नीतीश कुमार ने गुरुवार को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन किया था। इसके बाद से बिहार में सियासत गर्म है। इसी बीच पटना में मुख्यमंत्री आवास में शुक्रवार को अहम बैठक बुलाई गई। इसमें पार्टी के सभी विधायक, सांसद, एमएलसी, मंत्री मौजूद रहे। बैठक में नीतीश कुमार ने अपने राज्यसभा जाने के फैसले के बारे में जानकारी दी, तो सभी नेता भावुक हो गए।

### मैं हूं ना, किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं

नीतीश कुमार ने उनसे कहा, 'मैं हूं ना, किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। विकास और सरकार से संबंधी कार्यों को देखते रहेंगे। आपकी समस्याओं का समाधान करते रहेंगे।' इसके बाद सभी विधायकों ने नीतीश को आश्वस्त किया कि वह उनके फैसले के साथ खड़े हैं।
बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश के कहने पर ही यह मीटिंग बुलाई गई।





# टॉक्सिक के पोस्टपोन होते ही 5 बड़ी फिल्मों का गड़बड़ाएगा रिलीज कैलेंडर!

**मुंबई।** बुधवार को यश की फिल्म टॉक्सिक के पोस्टपोन होने का ऐलान किया गया। इस साल हिंदी फिल्मों का रिलीज कैलेंडर पहले ही 'धुरंधर 2' की ईद पर रिलीज के कारण कई बार गड़बड़ा चुका है। इसकी वजह से वाईआईएफ की 'अल्फा' और सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान', संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' जैसी कई फिल्मों की रिलीज आगे-पीछे टाली गई हैं। अब एक बार फिर चर्चा है कि 'टॉक्सिक' की रिलीज जून में होने के कारण समर सीजन में बॉलीवुड फिल्मों का रिलीज शेड्यूल एक बार फिर गड़बड़ा सकता है। जानकार कहते हैं कि फिल्म निर्माता अपनी फिल्म को किसी बड़ी फिल्म के दो हफ्ते पहले और तीन हफ्ते बाद तक रिलीज करने से बचते हैं। ऐसे में 'टॉक्सिक' की नई रिलीज डेट के कारण मई -जून में रिलीज होने वाली फिल्मों 'पति पत्नी और वो', 'है जवानी तो इश्क होना है', इम्तियाज अली की अनाम फिल्म और 'वेलकम टु जंगल' पर असर पड़ सकता है।

लाइफ Style

# जान्हवी

## मां नहीं चाहती थीं बेटी फिल्मों में काम करें



जान्हवी कपूर की मां नहीं चाहती थीं कि बेटी इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि उनकी बेटी डॉक्टर बनें। जान्हवी को अपने कॅरियर की शुरुआत में उस वक्त बड़े दुख का सामना करना पड़ा। फिल्मों में आने के लिए उन्हें पिता से मदद लेनी पड़ी। बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर का नाम सुनते ही हर किसी के दिमाग में उनकी मां श्रीदेवी की तस्वीर जरूर आती है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जान्हवी ने अपनी मेहनत और लगन से खुद को इंडस्ट्री में साबित किया। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का बहुत शौक था लेकिन उनकी मां श्रीदेवी नहीं चाहती थीं कि वे फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि जान्हवी पढ़ाई पूरी करें और डॉक्टर बनें। जान्हवी कपूर का जन्म 6 मार्च 1997 को मुंबई में हुआ। वे श्रीदेवी और बोनी कपूर की बड़ी बेटी हैं। उनका परिवार लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा है। उनके दादा सुरिंदर कपूर भी फिल्म निर्माता थे, और उनके चाचा अनिल कपूर और संजय कपूर भी फिल्मों में एक्टिव हैं। जान्हवी भी फिल्मों में आना चाहती थीं लेकिन श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग से दूर रखना चाहती थीं। ट्विंकल खन्ना और काजोल के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के एक एपिसोड में जान्हवी ने खुलासा किया था कि उनकी मां श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग की दुनिया से दूर रखना चाहती थीं। उन्होंने बताया था कि उनकी मां श्रीदेवी कभी नहीं चाहती थीं कि मैं एक्टिंग करूं। जान्हवी ने इंटरव्यू में कहा, 'मां खुद एक एक्ट्रेस होने की वजह से मुझे लेकर काफी प्रोटेक्टिव थीं। वह काफी सख्त थीं। उन्हें लगता था कि मैं बहुत भोली हूं और मैं बॉलीवुड में सर्वाइव नहीं कर पाऊंगी। वह चाहती थीं कि मैं डॉक्टर बनूं। वह मुझसे कहतीं, 'मैं तुमको एक्ट्रेस बनते नहीं देखना चाहती।

हॉलीवुड मसाला



## पुलिस ने किया गिरफ्तार जेल में कटी रात

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स को ड्रग्स और शराब के नशे के संदेह में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। घटना 4 मार्च की है और अगले दिन सुबह उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। अब 4 मई को ब्रिटनी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। यह घटना 4 मार्च की रात की है। तब ब्रिटनी स्पीयर्स कैलिफोर्निया के वेंचुरा काउंटी में कार चला रही थीं। कैलिफोर्निया हाइवे पेट्रोल ने बताया कि स्पीयर्स के खिलाफ पुलिस को सूचना दी गई थी कि वह अपनी बीएमडब्ल्यू कार को हाईवे पर तेज रफ्तार से लापरवाही से चला रही थीं। पुलिस ने रोका तो उन्हें ब्रिटनी पर नशे की हालत में गाड़ी चलाने का संदेह हुआ। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच अभी जारी है और केमिकल टेस्ट के रिजल्ट आने बाकी हैं। मालूम हो कि जब ब्रिटनी स्पीयर्स को पुलिस ने रोका, तब वह अपनी काली बीएमडब्ल्यू 430i को अकेले ही चला रही थीं।




## माइकल का ट्रेलर जारी भतीजा करेगा डांसर का रोल

**लॉस एंजिल्स।** माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डांसर की जिंदगी पर आधारित फिल्म में भतीजे जाफर जैक्सन उनका किरदार निभा रहे हैं। दुनिया के सबसे बेहतरीन डांसर्स में से एक माइकल जैक्सन की जिंदगी पर एक फिल्म बनी है। इसका नाम है 'माइकल'। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर काफी दमदार है। मेकर्स ने इसमें डांसर की जिंदगी के अहम पहलुओं को दिखाने की कोशिश की है। 2 मिनट 27 सेकंड के ट्रेलर में माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर आखिर तक की कहानी दिखती है। शुरुआत में उनके करीबी उन्हें कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित करते हैं। जब वह मशहूर हो जाते हैं तो हर कोई उनका दीवाना बन जाता है। ट्रेलर में कुछ भावुक पल भी हैं। वह अपने परिवार से जुड़े हैं, जो उनका सपोर्ट करते हैं। ट्रेलर में माइकल जैक्सन के शानदार मूव्स देखने को मिलते हैं। इसमें उनके बीमार होने की झलक भी दिखाई गई है। इसमें उनका एक डायलॉग काफी दमदार है, जो इस तरह है 'संगीत दुनिया बदल सकता है।'



## ऑस्कर 2026 की प्रेजेंटर्स लिस्ट में शामिल हुईं प्रियंका

**मुंबई।** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इस बार 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में प्रेजेंटर की भूमिका में दिखेंगी। उनके साथ अन्य कलाकार भी होंगे, जो स्टेज पर विनर्स को पुरस्कार देंगे। इसकी जानकारी उन्होंने खुद दी है। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा जोनस हॉलीवुड में काफी समय से काम कर रही हैं। वहीं, 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में वह पुरस्कार प्रदान करने वालीं प्रेजेंटर की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। इस बात की पुष्टि एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए की। प्रियंका चोपड़ा ने शुक्रवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया। इसमें उनके नाम के साथ अन्य प्रेजेंटर के भी नाम शामिल हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर लिखा, '2026 अकादमी अवॉर्ड्स।' एक्ट्रेस के साथ इस लिस्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐनी हैथवे, विल अर्नेट, ग्वेनेथ पाल्ट्रो और पॉल मेस्कल जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



## धुरंधर 2 का ट्रेलर आज होगा रिलीज....

**मुंबई।** रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए बताया है कि 'धुरंधर 2' का ट्रेलर अब 7 मार्च की सुबह 11:01 पर आउट होगा। 19 मार्च को थिएटर्स में पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में आने वाली इस मूवी में हमजा अली मजारी के मिशन की आगे की कड़ी देखने को मिलेगी। रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त स्टारर 'धुरंधरः द रिवेंज' को रिलीज होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। मगर उसके पहले फैंस इसके ट्रेलर को देखने के लिए एक्साइटेड हैं। इस मूवी के पहले पार्ट ने दर्शकों पर अपना ऐसा जादू बिखेरा है कि वह सीक्वल के लिए एक-एक दिन उंगलियों पर गिन रहे हैं। टीजर से तो पब्लिक मायूस हुई थी। मगर ट्रेलर के लिए आंखें बिछाए बैठी थी। क्योंकि पहले ये होली पर रिलीज होना था। लेकिन नहीं आया।

टीवी मसाला



## दमदार किरदार में नजर आईं दिव्या, जरूरी मुद्दे पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** छह-एपिसोड वाली सीरीज 'चिरैया' का 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर प्रीमियर होगा। इसमें दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा अहम किरदारों में हैं। कुछ कहानियां अजीब होती हैं, फिर भी जरूरी होती हैं। दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' का ट्रेलर कुछ इसी तरह की कहानी बता रहा है। इसकी कहानी भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक को दिखाती है। 1 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर में यह बताने की कोशिश की गई है कि एक पति अपनी पत्नी के ऊपर अपना अधिकार समझता है और उसके साथ जबरदस्ती करता है। वह पति दिव्या दत्ता का भाई होता है। पत्नी अपनी परेशानी दिव्या दत्ता से बताती है। दिव्या दत्ता उसका साथ देती हैं। हालांकि दिव्या के पति (संजय मिश्रा) इस मामले में उनका साथ नहीं देते हैं। इसके बाद मामला अदालत में पहुंचता है। 'चिरैया' का ट्रेलर एक मैसेज देता है कि शादी का मतलब सहमति नहीं है। एक महिला की आवाज को समाज की परंपराओं से मिटाया नहीं जा सकता। अपनी इमोशनल कहानी के जरिए, शो वर्षों से चली आ रही मान्यताओं पर सवाल उठाता है। 'चिरैया' वेब सीरीज शशांत शाह के निर्देशन में बनी है। **SVF** एंटरटेनमेंट ने इसे बनाया है। इसमें दिव्या दत्ता के अलावा संजय मिश्रा, सिद्धार्थ शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, फैसल राशिद, टीनू आनंद, सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं। 'चिरैया' 20 मार्च को स्ट्रीम होगी।

## एस्पिरेंट्स सीजन 3 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो ने शुक्रवार को अपनी मशहूर हिंदी ड्रामा सीरीज 'एस्पिरेंट्स' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। द वायरल फीवर द्वारा निर्मित,




'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का निर्देशन दीपेश सुमित्रा जगदीश ने किया है। इस सीजन में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सन्नी हिंदुजा, नमिता दुबे और तेंगम सेलीन अपने पुराने किरदारों में वापसी कर रहे हैं, जबकि जतिन गोस्वामी इस बार टीम के नए सदस्य के रूप में जुड़े हैं। 'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का प्रीमियर 13 मार्च को विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर भारत सहित दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में होगा। सीजन 3 के साथ, कहानी एक नए पड़ाव पर पहुंचती है जहाँ पुरानी महत्वाकांक्षाएं और वर्तमान की जिम्मेदारियां आपस में टकराती हैं। मुखर्जी नगर से शुरू हुई एक पुरानी प्रतिद्वंद्विता अब सत्ता के ऊंचे पदों पर फिर से सामने आती है।

## प्रकाश झा की पॉलिटिकल थ्रिलर संकल्प का ट्रेलर रिलीज, नाना करेंगे ओटीटी डेब्यू

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर प्रकाश झा एक नई सोशियो-पॉलिटिकल थ्रिलर, 'संकल्प' लेकर आ रहे हैं, जिसमें नाना पाटेकर, मोहम्मद जीशान अय्यूब, संजय कपूर, नीरज काबी, कुबरा सैत और क्रांति प्रकाश झा जैसे कलाकार हैं। शो का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज किया गया। संकल्प 11 मार्च को अमेजन MX प्लेयर पर रिलीज होगी। मेकर्स के मुताबिक, संकल्प 'मॉडर्न इंडिया में पावर, बदला, आइडियोलॉजिकल वॉर, प्रोटीज, पॉलिटिक्स, करप्शन और ब्यूरोक्रेसी के मैकेनिक्स' को दिखाता है। संस्कार, सत्ता, समर्पण की थीम वाली तिकड़ी पर आधारित, टीजर में नाना पाटेकर को मात साब के रूप में दिखाया गया है, जो एक कमांडिंग मास्टर स्ट्रैटेजिस्ट हैं जिनकी मौजूदगी हर फ्रेम में छाई रहती है।



*संजय कपूर और नीरज काबी आइडियोलॉजिकल विरोध में खड़े हैं, उनके बीच टकराव आने वाले पावर स्ट्रगल की ओर इशारा करता है। एक प्रेस नोट में कहा गया है कि इस कहानी को और दिलचस्प बनाते हुए, मोहम्मद जीशान अय्यूब एक बहुत वफादार शिष्य का रोल निभा रहे हैं, जो अपने गुरु मात साब से इतनी गहरी वफादारी से बंधा है जितनी दिखती नहीं है। इस फिल्म से नाना पाटेकर अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। इस बारे में नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में बताया, 'मात साहब का रोल करना एक बहुत बड़ी सीख रही है और इसने मुझे एक नया डायमेंशन एक्सप्लोर करने के लिए मोटिवेट किया। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जिसमें चुप्पी, टकराव और नतीजे भरे हुए हैं। प्रकाश झा के साथ दोबारा काम करना हमेशा खास होता है क्योंकि वह ऐसी कहानियां सुनाते हैं जो सब कुछ साफ नहीं करतीं।*

## ओटीटी पर मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सूबेदार से हैलो बच्चों तक, रिलीज होंगी ये सीरीज-फिल्में

होली के त्योहार के बाद वीकएंड भी आ गया है। त्योहार की थकान के बाद फुरसत के कुछ पल मिले हैं। आराम के बाद अगर घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखने का मन हो तो इस बार की ओटीटी लिस्ट काफी दिलचस्प है। सिनेमाघरों में इन दिनों 'द केरल स्टोरी 2' और 'ओ रोमियो' जैसी फिल्में लगी हुई हैं। कुछ नई फिल्में रिलीज की कतार में हैं। मगर, बदलते मौसम और छुट्टी के दिन अगर घर से बाहर निकलने का मन नहीं है और घर बैठे ही ओटीटी पर कुछ बढ़िया सिनेमा देखना है तो इस बार कई शानदार ऑप्शन हैं।



### जब खुली किताब

पंकज कपूर और डिंपल कपाडिया अभिनीत फिल्म 'जब खुली किताब' भी शुक्रवार को ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। यह जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ शुक्ला ने संभाली है। फिल्म 'जब खुली किताब' गोपाल और अनुसूया की कहानी है, जिनकी दशकों पुरानी शादी एक अचानक हुए खुलासे से हिल जाती है। जैसे-जैसे लंबे समय से छिपी सच्चाई सामने आती है, उनका परिवार भावनाओं के भंवर में फंस जाता है।

### सूबेदार

अनिल कपूर अभिनीत फिल्म सूबेदार ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। आप वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इस फिल्म में अनिल कपूर का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म में राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, मोना सिंह और फैसल मलिक भी हैं। 5 मार्च 2026 को यह फिल्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।

### हैलो बच्चों

विनीत कुमार सिंह अभिनीत सीरीज 'हैलो बच्चों' 6 मार्च को ओटीटी पर आ चुकी है। यह वेब सीरीज फिजिक्सवाला अलख पांडे की जिंदगी पर आधारित है। 'हैलो बच्चों' नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। इसमें विक्रम कोचर, गिरजा ओक गोडबोले, नमन जैन, सोनू कुमार यादव, अंशुल डोगरा और सतेंद्र सोनी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

## 24 कैरेट सोने की ड्रेस, 400 करोड़ का खर्च, 4 ऑस्कर्स जीत चुकी फिल्म

# वो फिल्म जिसे बनाते-बनाते कंगाल हुए मेकर्स, जल्दबाजी में हुई रिलीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कुछ फिल्मों के नसीब में ही मुश्किलें होती हैं। फिल्म मेकिंग में इतनी रुकावटें आती हैं कि वे बनते-बनते रह जाती हैं और कुछ बनकर भी मेकर्स को कंगाल कर जाती हैं। 63 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जो हिट तो रही लेकिन डिजास्टर भी। सुनने में अजीब लग रहा होगा कि ऐसे कैसे हुआ कि कोई फिल्म हिट भी हो और डिजास्टर भी। मगर ऐसा था। साल 1963 में आई क्लियोपेट्रा इतिहास की पहली फिल्म है जो एक ही समय में हिट और डिजास्टर रही। यह फिल्म पर मेकर्स ने इतना पैसा खर्च कर दिया कि यह प्रोडक्शन दिवालिया होने के कगार पर आ गया।

### मेकर्स के पास पैसे हो गए थे खत्म

मैनक्यूविक्ज ने फिर से फिल्म को रीशूट किया। मेकर्स के पास पैसे खत्म हो गए थे और प्रोडक्शन हाउस दिवालिया होने की कगार पर खड़ा हो गया था। मैनक्यूविक्ज को थोड़ा और वक्त चाहिए था, ताकि वह अच्छे से कहानी को फिर से लिखे और बनाए। मगर पैसे इतने खत्म हो गए थे कि मेकर्स ने कहा कि इसे जल्दी खत्म करने के लिए कहा।



### सबसे ज्यादा थी एक्ट्रेस की फीस

मिस्त्र की रानी क्लियोपेट्रा VII पर आधारित हिस्टोरिकल ड्रामा क्लियोपेट्रा सबसे चर्चित फिल्म रही। इस फिल्म का निर्माण 20th सेंचुरी फॉक्स के बैनर तले किया गया था। इस फिल्म को बनाने में करीब 5 साल लगे। उस वक्त की सबसे कामयाब एक्ट्रेस एलिजाबेथ टेलर को फिल्म के लिए कास्ट किया गया था। इसके लिए उन्हें 1 मिलियन डॉलर (9.17 करोड़ रुपए करीब) फीस मिली थी।

### फिल्म से निकाले गए थे डायरेक्टर


इस फिल्म को बड़े लेवल पर बनाया जा रहा था। रूबेन मामौलियन फिल्म के डायरेक्टर थे। धीरे-धीरे काम हो रहा था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ रहा था, बढ़ रहा था तो सिर्फ फिल्म का बजट। आखिर में मामौलियन को हटाया गया और फिर डायरेक्शन की कमान जोसेफ एल मैनक्यूविक्ज ने संभाली। मामौलियन ने जितनी भी फिल्म की शूटिंग की, उसमें सिर्फ 10 मिनट का सीन ही इस्तेमाल करने लायक था।

### करोड़ों रुपए की पहनी ड्रेस

44 मिलियन डॉलर्स यानी करीब 400 करोड़ रुपए में क्लियोपेट्रा बनकर तैयार हुई। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म में लीड हीरोइन एलिजाबेथ टेलर का कॉस्ट्यूम का बजट 194,800 डॉलर (1.78 करोड़) था। फिल्म में एलिजाबेथ के कुल 65 कॉस्ट्यूम्स थे, जिसमें से एक 24 कैरेट सोने का था। फिल्म रिलीज हुई और इसने दुनियाभर में 57.7 मिलियन डॉलर (529.15 करोड़ रुपए) कमाए थे। इस फिल्म को काफी सराहा गया है और इसे आस्कर में 9 नॉमिनेशंस मिले। इस फिल्म ने बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन, बेस्ट विजुअल एफेक्ट्स समेत 4 ऑस्कर्स जीते थे।



सत्यमेव जयते
दिल्ली सरकार



दिल्ली को बड़ा उपहार
प्रधानमंत्री जी का आभार

₹18,000 करोड़+
का कनेक्टिविटी बूस्ट



मानननीय प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा

दिल्ली मेट्रो फेज-IV के 2 नए कॉरिडोर का
शुभारंभ

- मजलिस पार्क – मौजपुर बाबरपुर (पिंक लाइन)
- दीपाली चौक – मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन)

मेट्रो फेज-V (A) के 3 नए कॉरिडोर का
शिलान्यास

- आर.के. आश्रम मार्ग – इंद्रप्रस्थ (सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर)
- एरोसिटी – IGI टर्मिनल-1
- तुगलकाबाद – कालिंदी कुंज

08 मार्च 2026 | सुबह 10:00 बजे
स्थान: डीडीए ग्राउंड, बुराड़ी रोड, संत निरंकारी मंडल के पास, नई दिल्ली

गरिमामयी उपस्थिति

श्री मनोहर लाल खट्टर
माननीय केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य और विद्युत मंत्री

श्रीमती रेखा गुप्ता
माननीय मुख्यमंत्री, दिल्ली

श्री हर्ष मल्होत्रा
माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री
(सड़क, परिवहन और राजमार्ग तथा कॉरपोरेट कार्य)

श्री तोखन साहू
माननीय केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री

डॉ. पंकज कुमार सिंह
माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, परिवहन एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, दिल्ली सरकार


DIP/Shabdarth/Display/0156/25-26

चिंतन

# भारत का ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना जरूरी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने एक बार फिर वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ती टकराहट ने पूरी दुनिया को चिंतित कर दिया है। इस संघर्ष का सबसे बड़ा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ सकता है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह स्थिति विशेष रूप से संवेदनशील है, क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है। ऐसे में यह सवाल और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है कि भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में जल्द से जल्द आत्मनिर्भर बनना होगा, ताकि किसी भी वैश्विक संकट के दौरान देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता पर गंभीर असर न पड़े। दरअसल, वैश्विक राजनीति और ऊर्जा आपूर्ति का गहरा संबंध है। जब भी किसी क्षेत्र में युद्ध या तनाव बढ़ता है, उसका सीधा असर तेल और गैस की कीमतों पर पड़ता है। वर्तमान हालात में भी यही स्थिति दिखाई दे रही है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण मिडिल ईस्ट क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई है। इसका असर भारत जैसे देशों पर पड़ना स्वाभाविक है, क्योंकि भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से मंगाता है। यदि यह संकट और बढ़ता है तो देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतें बढ़ सकती हैं, साथ ही आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने समय रहते कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सरकार ने देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया है। इमरजेंसी पावर का इस्तेमाल करते हुए यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि देश में रसोई गैस की किल्लत न हो और उपभोक्ताओं को बिना रुकावट सिलेंडर मिल सके। हालांकि फिलहाल भारत को एक अस्थायी राहत भी मिली है। अमेरिका ने भारतीय रिफाइनरियों को रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए 30 दिन का विशेष लाइसेंस दिया है। यह लाइसेंस 3 अप्रैल तक वैध रहेगा, लेकिन यह राहत अस्थायी है और इससे यह भी स्पष्ट होता है कि ऊर्जा के मामले में भारत अभी भी अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक परिस्थितियों पर काफी हद तक निर्भर है। ऊर्जा क्षेत्र में यह निर्भरता भारत की संप्रभुता के लिए भी चुनौती बन सकती है। जब कोई देश अपनी मूलभूत जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर रहता है तो कई बार उसे अंतरराष्ट्रीय दबावों का सामना करना पड़ता है और ब्लैकमेलिंग का शिकार होता है। रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर पहले भी भारत को वैश्विक दबाव झेलना पड़ा है। इसी तरह अमेरिका द्वारा टैरिफ की धमकी देना भी यह संकेत देता है कि आर्थिक और ऊर्जा निर्भरता किसी भी देश को कमजोर बना सकती है। इसलिए दीर्घकालिक समाधान यही है कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने। इस संदर्भ में 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' का मुद्दा भी बेहद महत्वपूर्ण है। यह जलमार्ग फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख मार्ग माना जाता है। भारत के लिए यह मार्ग और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश अपनी जरूरत का लगभग 50 प्रतिशत कच्चा तेल और 54 प्रतिशत एलएनजी इसी रास्ते से आयात करता है। यदि ईरान और अन्य देशों के बीच तनाव के कारण यह मार्ग बाधित होता है तो भारत सहित पूरी दुनिया के लिए ऊर्जा संकट गहरा सकता है।

# संविधान के बीजगणित में हासिल शून्य



सिरहनामा
कनक तिवारी

संविधान किसी को नौकरी देने की गारंटी नहीं देता। अनुच्छेद 14 में जरूर कहता है कि हर अधिकार के लिए सबको बराबरी का दर्जा देने प्रतिबद्ध है। सुनने में यह हिदायत ब्रह्म वाक्य की तरह है। चोर दरवाजे अचानक 'खुल जा सिम सिम' का संदेश मौन ध्वनि में फुसफुसाते हैं। इसे वे लोग ही सुनते हैं जिन्हें वह संबोधित किया जा रहा है। नौकरियां देने लोकसेवा आयोग गठित होते हैं। उनमें पदाधिकारी नियुक्त होते हैं। नियुक्त करने वाले नेता, नामित पदाधिकारी तथा नीचे काम करने वाला नौकरशाही अमला मिलकर आपसी प्रतिशत भागीदारी तय करते रहते हैं।

भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा इन्सानी जमावड़ा व आकर्षक मीनाबाजार भी है। धर्म, जातियां, क्षेत्र, भाषाएं, बोलियां, बीमारियां, मच्छर, वेश्याएं, विधवाएं, परित्यक्ताएं, बलात्कृत महिलाएं, निठल्ले धार्मिक, तपेदिक, एड्स और दिल के मरीज और वकील वगैरह भारत से ज़्यादा दुनिया में कहीं नहीं हैं। लोकतंत्र संविधान के मुताबिक चल रहा है-पाठ्य पुस्तकों में विद्यार्थी यही तोतारटंत कर रहे हैं। परीक्षा में वही लिखने से ही पास हो पाते हैं। कमाई का चाबुक जब पेट की रोटी देने में ही हीलाहवाला करता है। तब सोचते, खोजते और पाते हैं कि लोकतंत्र को गलती से लोहे की दीवारों से घिरा किला क्यों नहीं समझा लिखा था। उसकी चहारदीवारी में संविधान ने मूल अधिकारों, मूल कर्तव्य और उनकी देखभाल के लिए न्यायालयों की चौकस पहरेदारी बिठा तो दी है। संविधान भोला है। उसे नहीं मालूम चोरी एक कला है। चोरों के वंशज हिकमत से रास्ते बना लेते हैं जो लुटे हुए व्यक्ति को दिखाई नहीं देते।

संविधान किसी को नौकरी देने की गारंटी नहीं देता। अनुच्छेद 14 में जरूर कहता है कि हर अधिकार के लिए सबको बराबरी का दर्जा देने प्रतिबद्ध है। सुनने में यह हिदायत ब्रह्म वाक्य की तरह है। चोर दरवाजे अचानक 'खुल जा सिम सिम' का संदेश मौन ध्वनि में फुसफुसाते हैं। इसे वे लोग ही सुनते हैं जिन्हें वह संबोधित किया जा रहा है। नौकरियां देने लोकसेवा आयोग गठित होते हैं। उनमें पदाधिकारी नियुक्त होते हैं। नियुक्त करने वाले नेता, नामित पदाधिकारी तथा नीचे काम करने वाला नौकरशाही अमला मिलकर आपसी प्रतिशत भागीदारी तय करते रहते हैं। परीक्षाएं होती हैं। इंटरव्यू होते हैं। काबिल परीक्षार्थी खारिज हो जाते हैं। चोर दरवाजे से नियुक्तियां होती रहती हैं। अवैध नियुक्तियों की पुश्तैनी संततियां पैदा होती रहती हैं। असफल लोग संविधान के अनुच्छेद 14 की समता की लाठी से पिट रहे हैं।

अनुच्छेद 39 कहता है देश की संपत्ति स्त्रोतों पर जनता का नियंत्रण होगा। मंदिर का प्रसाद सबको मिलेगा। देश आकर्षक मंदिर है। मंत्री पुजारी होते हैं। अमीर सबसे बड़े भक्त होते हैं। वे पुजारी की हैसियत तय कर मुनासिब दान दक्षिणा का प्रबंध करते है। मंदिर के गर्भगृह तक ईश्वर की मूर्ति छूकर लक्ष्मी का पुण्य हासिल करते हैं। ईश्वर की मूर्ति छूना आम भक्तों के लिए वर्जित होता है। धर्मस्थल में चढ़ा प्रसाद हैसियत के अनुपात में वीआईपी भक्तों को दिया जाता है। उनके सामने पुजारी गिड़गिड़ाता है। मानो वे भक्त नहीं भगवान हैं। भगवान खुद बुत बने रहते हैं। मंदिर में हो रही कॉरपोरेटी भक्तों की लीला को पराजय की भावना से देखते भर रहते हैं। धर्म के आडंबर के नवयुग का उदय हो गया है। देश मंदिर है। खनिजों, जंगलों की कुदरती संपत्तियों, नदियों के पानी और हवा के क्षितिज तक को प्रसाद बनाकर बांट दिया गया है। मुफलिस भक्तों को समझाया जाता है। चाहें तो पकौड़े तलने का व्यवसाय करके आर्थिक समृद्धि प्राप्त करें। कहावत सुनाते हैं 'पढ़े




फारसी, बेचें तेल। यह देखो कुदरत का खेल।'

कहानियां सच भले नहीं हों। उनका संदेश सच होता है। राजा मोरध्वज ने आरी से अपने बेटे को ठीक बीच से चीर दिया था। वे न्याय करने बैठे थे। जहांगीर को तो बैल तक को न्याय देने का मन होता था। इन्साफ करती राजा डेनियल की कथाएं सुनाई जाती हैं और विक्रमादित्य की भी। सुप्रीमकोर्ट और हाईकोर्ट को उनका वंशज बनाकर अन्याय मिटाकर न्याय करने की पूरी ताकत दे दी गई है। न्यायाधीशों ने तय किया कि खुद के लिए न्याय पाना भी उनका पीढ़ियों तक उत्तरदायित्व होगा। पता नहीं यह अजूबा कैसे होता है। जज का बेटा जज, चीफ जस्टिस का बेटा चीफ जस्टिस होता चलता है। ईश्वरचंद्र विद्यासागर की नस्ल के गरीब घरों के पढ़ाकू लड़के वकालत में उस हद तक सफल नहीं होते जबकि जहीन होते हैं। जजों ने भी फिर कानून बनाया। सियासतदां लोगों ने भी मिली जुली कुश्ती की हामी भरी। जहां वकालत करते हैं। उसी हाईकोर्ट में जज बनेंगे। बेचारे छोटे अधिकारी तो अपने गृह जिले तक में नौकरी नहीं पाते। हाईकोर्ट के जज उसी इजलास में बैठकर न्याय करेंगे जहां कल तक खड़े होकर न्याय पाने कानूनी पैरवी करते थे। पुछल्ला यह भी कि रिश्तेदार, जूनियर, यार दोस्त और परिचित उसी अदालत में वकालत करते रहेंगे। संविधान टुकुर टुकुर देखता रहता है।

उद्योगपति संवैधानिक अधिकारों से लैस होकर देशभक्त होते हैं। शिक्षा और चिकित्सा दो बड़ी जरूरतें होती हैं। एक प्रदेश के मंत्री तो यहां तक कह गए हैं कि गरीब बहुत बच्चे पैदा करते हैं तो उन्हें अच्छी शिक्षा देने की जिम्मेदारी सरकार की नहीं है। उद्योगपतियों के मुखौटों ने सरकार से कहा। हमारे रहते बच्चों की शिक्षा की फिक्र सरकार क्यों करे। शिक्षा का निजीकरण कर दो। कुछ नियम शिथिल कर दो। न्यायालयों से उन पर कानूनी ठप्पा लगवा लो। बाकी धंधों में पिट चुके उद्योगपति रातोंरात शिक्षाधिपति बन गए। लाखों करोड़ों की फीस गरीब परिवारों की अंतड़ी से उखाड़े जा रहे हैं। घर बेचकर बच्चों को पढ़ाए जा रहे हैं। विरोध भी नहीं कर सकते। बच्चों की कापियां जांचने का काम भी तो निजी संसाधनों के कारिंदे करते हैं। पूरी युवा पीढ़ी पस्तहिम्मत, नौकरी लोलुप और कायर फौज बनी अमीरों की सेवा चाकरी के अभियान में जुटी है।

सरकारों के पास अस्पतालों और चिकित्सा के लिए भी धन नहीं है। संविधान में जिम्मेदारी अलबत्ता दी गई है। उद्योगपति देश सेवा की अपच की डकार लेते जनता को स्वस्थ करने के अभियान में जुट गए हैं। विश्व स्तर के अस्पतालों की श्रृंखलाएं बनाई जा रही है। विशेषज्ञ डॉक्टर और आधुनिक यंत्रों से लैस निजी अस्पताल नये ताजमहल हैं। डॉक्टर ताज हैं। अस्पताल महल हैं। दिक्कत यही है मोटी फीस लिए बिना इलाज कर पाने के गुर नहीं जानते। पढ़ाई का खर्च जो वसूलना है। वेंटिलेटर नामक यंत्र विशेषज्ञों की मुश्किलें दूर करने और मरीज को मुक्त करने ईजाद कर ही लिया गया है। पता नहीं चलता उस पर पड़ा व्यक्ति जीवित है या मृत। वह महाभारत के भीष्म की तरह बाणों की शैय्या पर पड़ा लगता है। लाखों रुपए वसूलने पर लाश परिवार को दी जाती है। परिवार गौरव महसूस करता मोहल्लेभर को बताता है कि मृतक वेंटिलेटर पर मरा था। उसने साधारण मौत नहीं पाई।

सत्ता के और भी कई चोर दरवाजे हैं। मुख्यमंत्री का बेटा मुख्यमंत्री, सांसद और विधायक का बेटा भी वही। लिखना नहीं आता फिर भी करोड़पति पिता की पुत्रोद्योग परंपरा के चलते आलिम फाज़लि पत्रकार और लेखक भी हो रहे हैं। सब ठीक चल रहा है। लोकतंत्र दलितों, आदिवासियों, पतितों, पिछड़ों और गरीब सवर्णों के बच्चों को सिखा रहा है कि अपने जीवन की कुरबानी करने से ही देश को तुम पर गौरव होगा।

विश्व अनाज दिवस
सुनील कुमार महला



# अन्न से आत्मनिर्भरता तक

अनाजों के महत्व, पोषण और खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 7 मार्च को विश्व अनाज दिवस (वर्ल्ड सीरियल डे) मनाया जाता है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि 'सीरियल' शब्द की उत्पत्ति प्राचीन रोमन देवी सेरेस के नाम से हुई है। दरअसल, रोमन पौराणिक कथाओं में सेरेस को खेती, फसल और मातृत्व की देवी माना जाता था और उन्हीं के सम्मान में अनाज को 'सीरियल' कहा जाने लगा। वैसे, गेहूं, चावल, मक्का, जौ और जई जैसे खाद्यान्न सीरियल्स की श्रेणी में आते हैं। 'विश्व अनाज दिवस' वस्तुतः खाद्य सुरक्षा की नींव को रेखांकित करता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि गेहूं, चावल, मक्का, जौ और बाजरा जैसे अनाज केवल भोजन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के आधार स्तंभ हैं। उल्लेखनीय है कि आज विश्व की आधी से अधिक आबादी की दैनिक ऊर्जा आवश्यकताएं मुख्यतः तीन अनाजों-गेहूं, चावल और मक्का से ही पूरी होती हैं। यदि अनाज न हों, तो वैश्विक खाद्य सुरक्षा की कल्पना भी संभव नहीं। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या वृद्धि और भूख जैसी चुनौतियों का लगातार सामना कर रही है, तब अनाजों का महत्व और बढ़ जाता है। आज तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा और सूखा जैसी परिस्थितियां विशेषकर गेहूं और चावल की पैदावार को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में टिकाऊ कृषि पद्धतियां अपनाना समय की आवश्यकता है। भारत के संदर्भ में देखें तो हमारा देश विश्व के प्रमुख गेहूं और चावल उत्पादक देशों में शामिल है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से करोड़ों लोगों तक सस्ती दरों पर अनाज पहुंचाया जाता है। हाल के वर्षों में मोटे अनाज-जैसे बाजरा, ज्वार और रागी आदि को पुनः प्रोत्साहित किया जा रहा है, क्योंकि ये पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ-साथ कम पानी में भी उगाए जा सकते हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष' घोषित किया, जिससे वैश्विक स्तर पर मोटे अनाजों के महत्व को नई पहचान मिली। 'विश्व अनाज दिवस' का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि अनाजों के पोषण मूल्य, खाद्य अपव्यय रोकने, संतुलित आहार अपनाने और किसानों के परिश्रम के सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। वास्तव में यह दिवस कुपोषण और भूख की समस्या को कम करने, टिकाऊ कृषि (सस्टेनेबल एग्रीकल्चर) को बढ़ावा देने तथा खाद्य सुरक्षा में किसानों की भूमिका को रेखांकित करता है। इतिहास की दृष्टि से 'जौ' को दुनिया के सबसे प्राचीन खेती किए गए अनाजों में से एक माना जाता है, जिसके प्रमाण लगभग 10,000 वर्ष पुराने मिलते हैं। आज बाजरा, ज्वार और रागी जैसे मोटे अनाजों को 'फ्यूचर फूड' कहा जा रहा है। ये प्रायः ग्लूटेन-रहित होते हैं और आयरन व कैल्शियम जैसे पोषक तत्वों से समृद्ध होते हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से भी कुछ अनाज अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, 'पेरेनियल ग्रेन्स' (बारहमासी अनाज) ऐसी फसलें हैं जिन्हें हर वर्ष दोबारा बोने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इनकी गहरी जड़ें मिट्टी के कटाव को रोकती हैं और कार्बन अवशोषण में सहायक होती हैं। मक्का विश्व में सर्वाधिक उगाई जाने वाली फसल है, किंतु इसका बड़ा हिस्सा प्रत्यक्ष भोजन के बजाय एथेनॉल (ईंधन) और पशु आहार के रूप में प्रयुक्त होता है। यह भी उल्लेखनीय है कि विश्व में उत्पादित अनाज का बड़ा भाग भंडारण और परिवहन के दौरान नष्ट हो जाता है। यदि इस अपव्यय को रोका जाए तो करोड़ों लोगों की भूख मिटाई जा सकती है। 19वीं सदी के अंत में डॉ. जॉन हार्वे केलॉग ने कॉर्नफ्लेक्स जैसे ब्रेकफास्ट सीरियल का आविष्कार किया था। उनका उद्देश्य इसे सादा और स्वास्थ्यवर्धक भोजन के रूप में प्रस्तुत करना था, ताकि लोग अत्यधिक मसालेदार और गरिष्ठ भोजन से बच सकें। अनाज ऊर्जा, फाइबर, विटामिन और खनिजों का महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं। विश्व की बड़ी आबादी का मुख्य भोजन अनाज ही है, जिनमें गेहूं और चावल का उपभोग सर्वाधिक होता है। वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका विशिष्ट है। भारत विश्व की लगभग 25 प्रतिशत दालों का उत्पादक और 27% उपभोक्ता है। वर्ष 2026 के हालिया आँकड़ों के अनुसार, भारत चना और मूंग जैसी प्रमुख दालों में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है।

कभी 'गरीबों का प्रोटीन' कही जाने वाली दालें आज 'भविष्य का भोजन' मानी जा रही हैं। अंततः, विश्व अनाज दिवस हमें यह संदेश देता है कि अनाज केवल भोजन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संतुलन की आधारशिला हैं। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या के दौर में इनका संरक्षण, टिकाऊ उत्पादन और खाद्य अपव्यय पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। आइए, हर दाने का सम्मान करें और सुरक्षित, पोषित एवं समृद्ध भविष्य के निर्माण का संकल्प लें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा। काम का आदेश स्वयं या अन्य प्रकार का हो सकता है।

## सफलता के लिए योजना बनाकर काम करे



संकलित
प्रेरणा

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है।

योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

अंतर्मन




आज की पाती

### मानवता को शर्मसार कर रहा युद्ध

जब भी दुनिया के किसी कोने में युद्ध होता है तब मिसाइलें, बम या अन्य कोई भी चीज क्यों न हो, वो न धर्म देखते हैं, न जात या अन्य कोई चीज, इन सभी से मानवता शिकार होती है। हाल ही में अमेरिका और इजरायल का ईरान के मिनाब स्थान पर ऐसा हमला एक स्कूल पर हुआ, जिसमें बहुत सी बच्चियों की मौत की खबर है। इसी तरह इस युद्ध में और भी बहुत से निर्दोष और निहत्थे लोग मर चुके हैं और मारे जा रहे हैं। यह खबरें दिल दहलाने वाली हैं और सवाल खड़े करने वाली है कि आखिर इन बच्चियों का क्या कसूर था? क्या हर मसले का हल मात्र युद्ध ही है? अगर हम इतिहास में हुए युद्धों पर नजर डाले तो यही बात सामने आएगी कि युद्ध हमेशा ही विनाशकारी और मानवता को शर्मसार करने वाले ही सिद्ध हुए हैं और इसमें निर्दोष और निहत्थे लोग मारे गए हैं। - **राजेश पाठक**, रायपुर

ट्रेंड

### आत्मनिर्भर भारत



रक्षा क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। आज भारतीय नौसेना के लिए वॉरशिप्स और सबमरीन भारतीय शिपयार्ड्स में ही बन रही हैं। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है 2030 तक दुनिया के टॉप टेन शिपबिल्डिंग नेशन्स में स्थान बनाना और 2047 तक टॉप फाइव में पहुंचना।
- **राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### विमान दुर्घटना



विमान दुर्घटना में स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश के निधन से मैं अत्यंत स्तब्ध हूं। राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा और वीरतापूर्ण सेवा भारतीय वायु सेना की सर्वोच्च भावना को दर्शाती है।
- **नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### दो नए कॉरिडोर



दिल्ली की रफ्तार अब और तेज़ होने जा रही है। 8 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18,000 करोड़ से अधिक की लागत वाली दिल्ली मेट्रो की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। दिल्ली मेट्रो फेज-4 के तहत दो नए कॉरिडोर दिल्लीवासियों को समर्पित किए जाएंगे।
- **रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### ट्रंप के सामने नतमस्तक



भारत को रशिया से तेल ख़रीदने की इज़ाज़त देने वाला अमेरिका कौन होता है? भारत को अमेरिका से इज़ाज़त की क्यो ज़रूरत है? मोदी जी, आख़िर आपकी ऐसी कौन सी मजबूरी है जिस की वजह से आप ट्रंप के सामने नतमस्तक हैं।
-**अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

करंट अफेयर

## सिंगापुर में भारतीय समुदाय की पहचान के लिए समिति



सिंगापुर सरकार अगले पांच सालों में यहां रहने वाले भारतीय मूल के लोगों की पहचान को मजबूत करने, समुदाय को बेहतर बनाने की कोशिशों में समन्वय करने और युवा नेतृत्व तैयार करने के लिए एक नई 'भारतीय साझेदारी और विकास पहल' (आईएनईआई) समिति बना रही है। चैनल न्यूज एशिया की शुक्रवार की रिपोर्ट के मुताबिक, यह अलग-अलग हितधारकों और सामुदायिक समूहों के साथ कई साझेदारियों और विचार-विमर्श के बाद किया जा रहा है, जिसमें 150 से ज़्यादा सिंगापुरी-भारतीय संगठन और 35 साल तथा इससे कम उम्र के 240 से अधिक सिंगापुरी-भारतीय युवा शामिल हैं। आईएनईआई समिति की अध्यक्षता वरिष्ठ परिवहन और विधि राज्य मंत्री मुरली पिल्लई करेंगे। इससमें संस्कृति, समुदाय और युवा मामलों के राज्य मंत्री दिनेश वासु दाश भी होंगे। दोनों ही भारतीय मूल के हैं। दिनेश ने कहा, 'यह समुदाय की, समुदाय के लिए एक समिति होगी। इसका मकसद भारतीय समुदाय में मजबूत नेटवर्क बनाना है, और उन साझेदारों को एक साथ लाना है जो पहले से ही जमीन पर अच्छा काम कर रहे हैं।'

ऑफ बीट

## रात में अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए?



बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है। गहरी नींद में जाने से पहले और सपनों की दुनिया (रैपिड आई मूवमेंट-आरईएम) में खोने से पहले हम रात में हल्की नींद से शुरुआत करते हैं। यदि हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हम अपनी अधिकांश गहरी नींद रात के पहले भाग में पूरी कर लेते है और रात के दूसरे भाग में हमें सपने आने लगते हैं। वयस्क आमतौर पर रात में पांच या छह नींद के चक्रों से गुजरते हैं और प्रत्येक चरण के अंत में थोड़ी देर के लिए जागना पूरी तरह सामान्य है। इसका मतलब है कि हम रात में पांच बार जाग सकते हैं।यह बढ़ती उम्र के साथ बढ़ सकता है और हम फिर भी स्वस्थ रह सकते हैं।

अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।



लोकसभा अध्यक्ष बिरला को हटाने का प्रस्ताव


# विपक्ष ने खुले तौर पर पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करने का लगाया आरोप,118 सांसदों ने किए नोटिस पर हस्ताक्षर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

**9 मार्च से शुरू हो रहा दूसरा सत्र**

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू हो रहा है। माना जा रहा है कि लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला को हटाने के विपक्ष के प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है। विपक्ष ने उन पर आरोप लगाया है कि उन्होंने खुले तौर पर पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया है। कांग्रेस ने कहा है कि यह प्रस्ताव नियमों और परंपराओं के अनुसार है।

## ....प्रस्ताव को बताया नियमों के अनुरूप



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

## टीएमसी ने प्रस्ताव से किया किनारा

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर बाकी सभी विपक्षी दलों ने स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि इस पर 9 मार्च को चर्चा होगी। जयराम रमेश ने यह भी बताया कि इस नोटिस पर 118 विपक्षी सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं।जयराम रमेश ने कहा कि यह एक स्वस्थ और लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। हमने जो प्रस्ताव दिया है, वह नियमों और परंपराओं के मुताबिक है। इससे पहले भी ऐसा हो चुका है। उदाहरण के लिए, 1954 में महान स्पीकर जी वी मावलंकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था।



**प्रस्ताव पर बहस होनी चाहिए**

जयराम ने कहा कि ये संसदीय लोकतंत्र के साधन हैं। विपक्ष को इसका पूरा अधिकार है। इस पर बहस होगी, देखते हैं उसके बाद क्या होता है। उन्होंने यह भी कहा कि हमने स्पीकर के पक्षपातपूर्ण व्यवहार के खास उदाहरण दिए हैं, जबकि विपक्षी सदस्यों पर झूठे आरोप लगाए गए। हमने पूरा संदर्भ बताया है और इस पर बहस होनी चाहिए।

### स्पीकर को हटाने की प्रक्रिया

अगले सोमवार को लोकसभा में ओम बिरला के खिलाफ प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इस दौरान वह अध्यक्ष की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। वह सदस्यों के बीच बैठेंगे। नियमों के अनुसार, बिरला को सदन में अपनी बात रखने और अपना बचाव करने का पूरा अधिकार होगा।

### पहले भी आ चुके हैं ऐसे प्रस्ताव

इससे पहले तीन लोकसभा अध्यक्षों - जी वी मावलंकर (1954), हुकम सिंह (1966) और बलराम जाखड़ (1987) के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए गए थे। सभी गिर गए थे।

### आरोप-विपक्ष के नेता को बोलने की अनुमति नहीं देते

लगभग 118 विपक्षी सदस्यों ने यह नोटिस दिया है। उनका आरोप है कि स्पीकर ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने की अनुमति नहीं दी। इसके अलावा, आठ विपक्षी सांसदों को निलंबित भी कर दिया गया था। कांग्रेस की ओर से गौरव गोगोई, के सुरेश और मोहम्मद जावेद ने यह नोटिस लोकसभा सचिवालय को सौंपा था।संविधान के अनुसार, जब अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को हटाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन हो, तो वह सदन की अध्यक्षता नहीं कर सकता है।

## खबर संक्षेप

### जशपुर में पलटी बस 5 की मौत, 20 घायल

**जशपुर।** जिले में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। झारखंड के कुरडेग से कुनकुरी आ रही यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 5 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। 4 घायलों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। कलेक्टर ने घटना की पुष्टि की है।



### हिट-एंड-रन मामले में आरोपी चिकित्सक अरेस्ट

**कोच्चि।** कोच्चि के समीप 'हिट-एंड-रन' की घटना में 19 वर्षीय लड़की की मौत के बाद फरार आरोपी चिकित्सक को शुक्रवार को हिरासत में लिया गया। स्थानीय पुलिस ने डॉ. सीरियाक जॉर्ज को गुप्त सूचना के आधार पर इडुक्की जिले के वागामोन के पास कन्ननकुलम स्थित एक रिसॉर्ट से हिरासत में लिया।



### रत्नागिरी में विस्फोट 11 लोग घायल

**रत्नागिरी।** महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में शुक्रवार को एक रासायन कारखाने में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 11 लोग घायल हो गए।घटना मुंबई से करीब 250 किमी दूर लोटे परशुराम एमआईडीसी स्थित डॉ. खान इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स इकाई में हुई। घायलों में ज्यादातर मजदूर हैं। उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### भरे बाजार में फायरिंग मोगा सरपंच की हत्या

**मोगा।** यहां के बाघापुराना में अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर गांव पत्तो हीरा सिंह के मौजूदा सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात शुक्रवार को हुई। मृतक की पहचान हरपिंदर सिंह हैप्पी के रूप में हुई है। हरपिंदर बाघापुराना-कोटकपूरा रोड स्थित सूजन जिम के संचालक भी थे।



## ओडिशा में सीआईएसएफ के स्थापना दिवस समारोह में बोले गृह मंत्री शाह

# 'बल' ने औद्योगिक विकास, देश की अर्थव्यवस्था को दी मजबूती, 31 तक रेड कारिडोर होगा खत्म

**केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को सराहा**



एजेंसी ⏭ कटक

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को ओडिशा के मुंडली में सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) के 57वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। उन्होंने 890 करोड़ की लागत से 3 आवासीय परिसरों (कामरूप, नासिक और सीहोर) का शिलान्यास और 2 आवासीय परिसरों (राजरहाट और दिल्ली) का लोकार्पण किया। समारोह में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, सीआईएसएफ के महानिदेशक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शाह ने कहा कि सीआईएसएफ ने 56 वर्षों में औद्योगिक सुरक्षा क्षेत्र में शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है। उन्होंने बल, त्याग और समर्पण की इस यात्रा को औद्योगिक विकास और देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती से जोड़ा। गृह मंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास को सुरक्षित बनाने के लिए सीआईएसएफ की भूमिका अहम है और देश के हवाई अड्डे, बंदरगाह और बड़ी औद्योगिक इकाइयां इसकी सुरक्षा पर निर्भर हैं।

## उन्होंने 890 करोड़ की लागत से 3 आवासीय परिसरों का शिलान्यास और 2 आवासीय परिसरों का किया लोकार्पण

### नक्सलवाद से मुक्त करने में अहम भूमिका

प्रधानमंत्री के लक्ष्य के तहत 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने में सीआईएसएफ अहम भूमिका निभा रहा है। गृह मंत्री ने बताया कि ओडिशा, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में सीआईएसएफ नक्सलरोधी अभियानों में सक्रिय रहा है और तिरुपति से पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर के स्वप्न देखने वालों को पूरी तरह परास्त किया जाएगा।

### सीआईएसएफ की उपलब्धियां और नई जिम्मेदारियां



कार्यक्रम में गृहमंत्री शाह

शाह ने बताया कि सीआईएसएफ अब भारत के 70 हवाई अड्डों सहित 361 महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा कर रहा है। ड्रोन सुरक्षा में भी इसे नोडल एजेंसी बनाया गया है। सीआईएसएफ निजी औद्योगिक समूहों को भी हाइब्रिड मोड में सुरक्षा प्रदान करेगा।

### 13,693 पदक दिए गए

शाह ने सीआईएसएफकर्मियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि अब तक वीरता और विशिष्ट सेवा के लिए 13,693 पदक प्राप्त किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सीआईएसओफ ने हमेशा अपने कर्तव्यों में उत्कृष्टता दिखाई है और देश की सुरक्षा में मिसाल कायम की है।

### भविष्य की योजनाएं और प्रधानमंत्री के लक्ष्य

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2047 तक देश को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने और 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में सीआईएसएफ एक कैटलिस्ट की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक सुरक्षा और देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करना राष्ट्र के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**रेड कॉरिडोर का सपना देखने वाले हो जाएंगे नाकाम**

शाह ने कहा कि देश को 31 मार्च तक नक्सलवाद से मुक्त बना दिया जाएगा। सुरक्षा बल उन लोगों के मंसूबों को विफल कर देंगे जो तिरुपति से पशुपतिनाथ मंदिर तक तथाकथित रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं। हमारे सुरक्षा बल उन ताकतों को हराएंगे, जो रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं।

## शाह का ऐलान- नक्सलवाद का खात्मा तय

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश से नक्सलवाद खत्म करने को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। कटक में आयोजित सीआईएसएफ के 57वें स्थापना दिवस समारोह में संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सुरक्षा बल उन नक्सली समूहों को पूरी तरह परास्त कर देंगे, जिन्होंने कभी तिरुपति से पशुपतिनाथ तक फैले तथाकथित 'रेड कॉरिडोर' पर कब्जा जमाने की कोशिश की थी। शाह बोले कि मैं सभी नागरिकों को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि 31 मार्च तक यह देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। हमारे सुरक्षा बल उन लोगों को पूरी तरह हरा देंगे जिन्होंने कभी तिरुपति से पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर पर कब्जा किया था।

## जेडीयू की बैठक में बड़ा खुलासा

# नीतीश के पुत्र निशांत करेंगे राजनीति, कल होगा ऐलान



एजेंसी ⏭ पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के सियासत में आने को लेकर चर्चा लंबे समय से चल रही है। चुनाव से पहले भी निशांत के सियासी आगाज को लेकर कयासों का लंबा दौर चला था। अब नीतीश ने जब राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन कर दिया है और उनका दिल्ली की सियासत में जाना तय हो चुका है। यहां के सियासी हलकों में निशांत का नाम फिर से चर्चा का विषय बन गया है। नीतीश के सीएम की कुर्सी छोड़ने के बाद अब निशांत कुमार का नाम डिप्टी सीएम की रेस में बताया जा रहा है। निशांत के सियासी डेब्यू की तारीख भी करीब तय हो चुकी है। शुक्रवार को पटना में जेडीयू नेताओं, विधायकों की बैठक में भी निशांत के राजनीति में आने की मांग उठी। इस पर पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने यह कहा कि निशांत कुमार राजनीति में आएंगे।

### 8 मार्च को लेंगे पार्टी की सदस्यता

झा ने इसी मीटिंग में निशांत के सियासी डेब्यू की तारीख भी बताई। उन्होंने यह भी कहा कि निशांत कुमार 8 मार्च को जेडीयू की सदस्यता औपचारिक रूप से ले सकते हैं। निशांत 8 मार्च को शाम तीन बजे जेडीयू की सदस्यता ग्रहण करेंगे। बैठक में विधायक नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले से मायूस नजर आए। मीटिंग के दौरान कुछ विधायकों ने अपनी बात रखी। विधायकों ने सीएम नीतीश से राज्यसभा जाने के फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की। सीएम नीतीश कुमार ने विधायकों को भरोसा दिया कि हम राज्यसभा जा रहे हैं, लेकिन बिहार आएंगे ही। उन्होंने आश्वस्त किया कि आप लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी। चिंता मत करिए।

### भावुक हुए कई विधायक, मैं हूं न, काम कीजिए

मुख्यमंत्री आवास 1 अणे मार्ग पर जेडीयू नेताओं की अहम बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को देखते ही कई विधायक और नेता भावुक हो गए। जैसे ही नीतीश बैठक कक्ष में पहुंचे, वहां मौजूद सभी नेताओं ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भी हाथ जोड़कर सभी नेताओं का अभिवादन किया। बताया जा रहा है कि माहौल काफी भावुक हो गया और कई नेता अपनी भावनाएं छिपा नहीं सके। नीतीश ने कहा कि मैं राज्यसभा जा रहा हूं। आपलोगों को कोई दिक्कत नहीं होगी। हम बिहार भी रहेंगे सब काम होते रहेगा, कोई चिंता मत कीजिए।

## बताया, सप्लाई चेन में दिक्कत के बावजूद भारत के पास खरीफ सीजन के लिए पर्याप्त उर्वरक स्टॉक

# खाड़ी देशों के संकट के बीच उर्वरक विभाग ने खाद आपूर्ति के लिए प्रयास तेज किए

## खरीफ सीजन से पहले यूरिया, डीएपी और एनपीके का स्टॉक पिछले साल की तुलना में काफी अधिक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

**अग्रिम भंडारण और दीर्घकालिक आयात**

पश्चिम एशिया में पैदा हुई राजनीतिक अस्थिरता से खरीफ सीजन से पहले भारत में उर्वरक की आपूर्ति के लिए सरकार ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। उर्वरक विभाग ने किसानों को आश्वस्त किया है कि समुद्री परिवहन विशेष तौर पर मालवाहक जहाजों की आवजाही प्रभावित होने के बावजूद फिलहाल भारत के पास पर्याप्त उर्वरक भंडार मौजूद है।

उर्वरक विभाग ने आंकड़ों के जरिए स्थिति को और साफ किया है ताकि किसानों के मन में किसी भी तरह का भ्रम न रहे। कम खपत वाले फेज में अग्रिम भंडारण की आक्रामक रणनीति के साथ भारत सरकार ने उर्वरकों का एक बड़ा बफर स्टॉक तैयार किया है। इसी का परिणाम है कि खरीफ सीजन से पहले भारत का उर्वरक भंडार 177 लाख मीट्रिक टन पर पहुंच गया है।

किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उर्वरक विभाग ने बताया कि कुल उर्वरक भंडार में पिछले साल की तुलना में 36.5% की भारी बढोतरी दर्ज की गई है। यह भंडार 6 मार्च, 2025 के 129.85 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर आज 177.31 लाख मीट्रिक टन पर पहुंच गया है। इसमें महत्वपूर्ण मृदा पोषक तत्वों, विशेष रूप से डीएपी (25.13 लाख मीट्रिक टन) और एनपीके भंडार (55.87 लाख मीट्रिक टन) में अभूतपूर्व वृद्धि का विशेष योगदान है।

देश में सर्वाधिक खपत वाले उर्वरक, यूरिया की उपलब्धता भी बढ़कर 59.30 लाख मीट्रित टन हो गई है। डेटा-आधारित यह मजबूत भंडार स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि भारत खरीफ बुवाई के लिए वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के झटकों से बच जाएगा। यह सुनिश्चित करता है कि अंतरराष्ट्रीय बाधाएं, घरेलू स्तर पर किसानों के लिए किल्लत का कारण न बनें।सभी कैटेगरी के सब्सिडी वाले उर्वरकों की लगातार सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए उर्वरक विभाग ने पहले ही जरूरी शिपमेंट्स का प्रबंध कर लिया है। भारत सरकार ने फरवरी 2026 तक 98 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का आयात किया है और 3 महीनों के लिए 17 लाख मीट्रिक टन से अधिक का अतिरिक्त आयात पाइपलाइन में है। यह वैश्विक उथल-पुथल के बीच किसान समुदाय के हितों की रक्षा करने में सरकार के सक्रिय दृष्टिकोण का प्रमाण है। अलग-अलग देशों में उर्वरक की कीमतों और सप्लाई की अस्थिरता से बचने के लिए, भारतीय कंपनियों ने प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय उत्पादकों के साथ पीएंडके उर्वरकों के लिए दीर्घकालिक आपूर्ति समझौते सुनिश्चित किए हैं।

### डिजिटल साक्ष्य,दस्तावेज जब्त,12 स्थानों पर छापा

**मुंबई ।** देश के प्रमुख कारोबारी घरानों में शुमार अनिल अंबानी समूह एक बार फिर केंद्रीय जांच एजेंसी के निशाने पर है। ईडी ने रिलायंस पावर से जुड़े मुंबई और हैदराबाद के 10 से 12 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. कृष्ण उर्फ क्रिश** पुत्रः **सुभाष** पताः **मकान नं. एफ–3/395, सुल्तानपुरी, दिल्ली 2. कल्लू उर्फ राहुल** पुत्रः **रमेश मिश्रा** पताः **मकान नं. एफ–3/365, सुल्तानपुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 269/2019 U/s 12/9/55 Gambling Act, थानाः राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. कृष्ण उर्फ क्रिश 2. कल्लू उर्फ राहुल** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. कृष्ण उर्फ क्रिश 2. कल्लू उर्फ राहुल** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 269/2019 U/s 12/9/55 Gambling Act, थानाः राज पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. कृष्ण उर्फ क्रिश 2. कल्लू उर्फ राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 29.04.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
उत्तर पश्चिम, कोर्ट नं. 107, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/2273/OD/2026 (Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी बीरू शेख पुत्र** रूहाब शेख उर्फ वहाब, **पताः** फिरनी रोड बंगाली झुग्गी शाहबाद दौलतपुर, **दिल्ली FIR No. 799/2015, U/S: 454/380/411 IPC, पुलिस थानाः केएनके मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बीरू शेख,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बीरू शेख,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **बीरू शेख, FIR No. 799/2015, U/S: 454/380/411 IPC, पुलिस थानाः केएनके मार्ग, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.04.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
हिमांशु सेहलोथ
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
उत्तर, कोर्ट नंबर 213
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/2812/RD/2026
(Court Matter)

## कांग्रेस ने अमेरिका द्वारा 30 दिनों की छूट देने के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा

# मोदी सरकार अमेरिका की कठपुतली बन भारत के हितों के साथ समझौता कर रही

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए अमेरिका द्वारा 30 दिनों की छूट देने के मुद्दे पर मोदी सरकार पर तीखा हमला किया है। पार्टी ने सवाल किया कि भारत को रूस से तेल आयात की अनुमति देने या न देने का अधिकार अमेरिका को किसने दिया !

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी प्रवक्ता और मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कहा कि मोदी सरकार अमेरिका की कठपुतली बनकर भारत के हितों के साथ समझौता कर रही है। प्रधानमंत्री अमेरिका के सामने पूरी तरह झुक गए हैं और उन्हें 'एपस्टीन फाइल्स' का डर है। उन्होंने



कहा कि भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिन की छूट मिलना कोई एहसान नहीं, बल्कि दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। उन्होंने पूछा क्या अब तेल आयात के लिए भी अमेरिका से लाइसेंस लेना पड़ेगा? समझौते पर हस्ताक्षर भी नहीं हुए हैं, लेकिन शर्तें लागू हो गए हैं। क्या एक कॉम्प्रोमाइज़्ड कैबिनेट, कॉम्प्रोमाइज़्ड प्रधानमंत्री देश से न्याय कर सकते हैं?

### सरकार की नीतियां भारत को कमजोर कर रहीं

खेड़ा ने कहा कि रूस पहले से ही भारत को तेल देने के लिए तैयार था और भारत वर्षों से रूस से तेल खरीदता रहा है, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने इस पर अपना रुख स्पष्ट नहीं किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस विषय पर पहले सूत्रों के हवाले से मीडिया में खबरें चलवाईं, जिनमें ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूएई और अमेरिका से तेल खरीदने की संभावनाओं की बात कही गई, लेकिन रूस का नाम नहीं लिया गया। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि अमेरिका की अनुमति के बिना मोदी सरकार रूस का नाम कैसे ले सकती थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियों से भारत की संप्रभुता और स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता कमजोर हो रही है।

### चीन की गलती को भारत संग नहीं दोहराएगा

अपनी बात को पुख्ता करने के लिए खेड़ा ने कुछ वीडियो भी दिखाए। 14 फरवरी 2026 को हुए म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने उपनिवेशवाद का सपना पूरा करने की बात कही। उन्होंने अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडो के हाल ही में रायसीना डायलॉग में दिए बयान पर भी कड़ी आपत्ति जताई, जिसे विदेश मंत्री एस जयशंकर चुपचाप सुनते रहे।

खेड़ा ने बताया कि लैंडो ने कहा था कि अमेरिका चीन के साथ 20 साल पहले की गई गलतियां भारत के साथ नहीं दोहराएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि सबकुछ अमेरिका के लोगों के लिए न्यायसंगत हो। उन्होंने कहा कि ये बातें दिल्ली में उस मंच से कही गईं, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पहुंचे थे। खेड़ा ने एआई समिट में व्हाइट हाउस के वरिष्ठ नीति सलाहकार श्रीराम कृष्णन के बयान का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि डेटा और बाजार भारत का होगा, लेकिन एआई का इन्फ्रास्ट्रक्चर अमेरिका का होगा।

### हरदीप पुरी एपस्टीन फाइल से डरे हुए

खेड़ा ने केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे अमेरिकी टाइम ज़ोन के हिसाब से चलते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब भी वे अपने कार्यालय की फाइल उठाते हैं, उन्हें शायद एपस्टीन की फाइलें याद आ जाती हैं और वे डर जाते हैं।

### राहुल की बात एक बार फिर सच साबित हुई

खेड़ा ने राहुल गांधी के संसद में दिए गए भाषण का वीडियो भी साझा किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भविष्य में अमेरिका तय करेगा कि भारत किससे तेल खरीदेगा और किससे नहीं। खेड़ा ने कहा कि राहुल गांधी की बात एक बार फिर सच साबित हुई है।



# टी20 विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' की दौड़ में सैमसन, बुमराह बाहर

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन का नाम उन आठ खिलाड़ियों में शामिल किया है, जिन्हें टी20 विश्व कप के 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' के लिए नामित किया गया है। जिन अन्य खिलाड़ियों को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है उनमें इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स, पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी और कप्तान एडन मार्क्रम, न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र और बल्लेबाज टिम सीफर्ट और अमेरिकी गेंदबाज शैडली वैन शाल्कविक शामिल हैं। जसप्रीत बुमराह का नाम दावेदारों की लिस्ट में नहीं है।

### सैमसन ने 201.73 के स्ट्राइक रेट से बनाए रन

सैमसन को टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में खेलने का मौका नहीं मिला था लेकिन पिछले दो मैच में उन्होंने नाबाद 97 और 89 रन की पारी खेल कर भारत को फाइनल में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने टूर्नामेंट में अब तक चार मैच में 77.33 के औसत और 201.73 के स्ट्राइक रेट से 232 रन बनाए हैं।



### फरहान ने बनाया सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड

जैक्स ने टी20 विश्व कप में अपनी टीम को आठ में से छह मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई है। उन्हें चार बार प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला है। उन्होंने आठ मैचों में 226 रन बनाए और नौ विकेट लिए हैं। फरहान ने छह पारियों में 383 रन बनाकर टी20 विश्व कप के किसी एक टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने श्रीलंका और नामीबिया के खिलाफ शतक बनाए। किसी एक टी20 विश्व कप में यह कारनामा करने वाले वह पहले बल्लेबाज हैं।

### बुमराह का न होना हैरान करने वाला है

क्रिकेट फ्रैन हैरान हैं कि आईसीसी ने जसप्रीत बुमराह को दावेदारों की लिस्ट में शामिल नहीं किया है, जिन्होंने पूरे सीजन में सही बॉलिंग की और टीम इंडिया को जीत दिलाई। 2019 वर्ल्ड कप में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने 4 ओवर में 33 रन देकर 1 विकेट लिया था। उन्होंने 18वें ओवर में सिर्फ 6 रन देकर मैच का पासा पलट दिया और टीम इंडिया की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस एडिशन में बुमराह ने 7 मैचों में 6.62 की इकॉनमी से 10 विकेट लिए थे।

### प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के नॉमिनी

विल जैक्स (इंग्लैंड) - 8 मैचों में 9 विकेट और 226 रन
साहिबजादा फरहान (पाकिस्तान) - 7 मैच, 383 रन
लुंगी एनगिडी (साउथ अफ्रीका) - 7 मैच, 12 विकेट
एडेन मार्करम (साउथ अफ्रीका) - 8 मैच, 286 रन
रचिन रवींद्र (न्यूजीलैंड) - 8 मैच, 128 रन, 11 विकेट
शैडली वैन शल्कविक (USA) - 4 मैच, 13 विकेट
टिम सीफ़र्ट (न्यूज़ीलैंड) - 8 मैच, 274 रन
संजू सैमसन (इंडिया) - 4 मैच, 232 रन

### रविंद्र ने दिया महत्वपूर्ण योगदान

एनगिडी ने सात मैचों में 7.19 की इकॉनमी रेट से 12 विकेट लिए जबकि उनके कप्तान मार्क्रम ने आठ मैचों में तीन अर्धशतक की मदद से 286 रन बनाए और एक विकेट भी लिया। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रविंद्र ने बल्ले और गेंद दोनों से अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने अब तक आठ मैचों में 128 रन बनाए हैं और 11 विकेट लिए हैं।

### शाल्कविक ने पेश की मिसाल

अमेरिका भले ही ग्रुप चरण से बाहर हो गया, लेकिन तेज गेंदबाज वैन शाल्कविक ने गेंदबाजों के लिए एक मिसाल पेश की। उन्होंने केवल चार मैच में 6.80 की इकॉनमी रेट से 13 विकेट लिए। विकेटकीपर बल्लेबाज सीफर्ट ने न्यूजीलैंड को टी20 विश्व कप के फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने आठ मैचों में 274 रन बनाए हैं। टूर्नामेंट का फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को अहमदाबाद में खेला जाएगा।

## खबर संक्षेप



### पहले दौर में बाहर वीनस

**इंडियन वेल्स।** वीनस विलियम्स का वापसी के बाद खराब प्रदर्शन जारी है और उन्हें बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली 45 वर्षीय वीनस को पहले दौर में फ्रांस की डायने पैरी ने 6-3 6-7(4) 6-1 से हराया। इस तरह से वीनस अपने पिछले आठ डब्ल्यूटीए मैच हार चुकी हैं। वीनस ने दूसरे सेट में अच्छा खेल दिखाया लेकिन विश्व रैंकिंग में 111वें स्थान पर काबिज 23 वर्षीय पैरी ने तीसरे सेट में फिर से नियंत्रण बना दिया और आसानी से जीत दर्ज की। वीनस ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था लेकिन एकल और युगल दोनों में पहले दौर में ही हार गईं थी।

### रैपिड फायर पिस्टल में शेखावत ने हासिल की बढ़त



**नई दिल्ली।** भावेश शेखावत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स टी3 में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के पहले चरण के बाद बढ़त हासिल की। राजस्थान के इस निशानेबाज ने पहले चरण की तीनों सीरीज में कुल 294 का स्कोर बनाया। तीन सीरीज में उनका स्कोर 99, 99 और 96 रहा। ओलंपियन अनीश भानवाला 291 (97,98,96) के कुल स्कोर के साथ दूसरे और राजकंवर सिंह संधू 291 (96,98,97) के कुल स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर हैं। राष्ट्रीय चैंपियन सूरज शर्मा ने 290 (98,95,97) अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं। इस प्रतियोगिता में शनिवार को 10 मीटर राइफल के क्वालीफाइंग और फाइनल मुकाबले होंगे। इसी दिन 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का दूसरा चरण और फाइनल होगा।

### 26 मार्च से खेलो इंडिया आदिवासी खेल




**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के तीन शहरों रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा में 26 मार्च से 6 अप्रैल तक पहले खेलो इंडिया आदिवासी खेल (केआईटीजी) का आयोजन किया जाएगा। केआईटीजी में पदक वाले सात खेल एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, तैराकी और कुश्ती शामिल होंगे। इसके अलावा दो प्रदर्शनी खेल मल्लखंब और कबड्डी भी इसका हिस्सा होंगे। इन खेलों में भारत के अधिकांश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों खिलाड़ी भाग लेंगे।' खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, 'खेलो इंडिया आदिवासी खेल खेलों को विस्तार देने के हमारे प्रयासों का हिस्सा है, जो खेलने के इच्छुक हर युवा को अवसर प्रदान करता है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के विजन का हिस्सा है।'

### पिंक बॉल टेस्ट : पहली पारी में 198 रन पर सिमटी भारतीय टीम, एनाबेल ने झटके 4 विकेट

# 200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाई टीम इंडिया, जेमिमा ने खेली अर्धशतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच एकमात्र टेस्ट मैच वाका के मैदान पर खेला जा रहा है। शुक्रवार को पहली पारी में भारत की पूरी टीम 198 रन बनाकर ऑलआउट हुई। पिंक बॉल से खेले जा रहे टेस्ट में एनाबेल सदरलैंड ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट अपने नाम किए। वहीं, भारत की ओर से जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्धशतकीय पारी खेली। पिंक बॉल टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने टॉस जीतकर पहले भारत को बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और स्मृति मंधाना महज 4 रन बनाकर आउट हुईं। प्रतीका रावल ने 3 चौकों की मदद से 18 रन बनाने के बाद एनाबेल सदरलैंड का शिकार बनीं। टीम इंडिया 200 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सकी।





### अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम शेफाली

शेफाली वर्मा अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहीं और 35 रन बनाकर आउट हुईं। जेमिमा रोड्रिग्स ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 84 गेंदों में 52 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में जेमिमा ने 7 चौके लगाए। हालांकि, उन्हें दूसरे छोर से बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। कप्तान हरमनप्रीत कौर भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं और 19 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। दीप्ति शर्मा ने अपने प्रदर्शन से निराश किया और वह 7 रन बनाकर आउट हुईं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष 41 गेंदों का सामना करने के बाद सिर्फ 11 रन ही बना सकीं। स्नेह राणा 5 रन बनाकर आउट हुईं। काश्वी गौतम 54 गेंदों में 34 रन बनाकर नाबाद रहीं। क्रांति गौड़ एक रन ही बना सकीं। सायली सतघरे ने सिर्फ 7 रनों का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से गेंदबाजी में एनाबेल सदरलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 ओवर में 46 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। वहीं, लूसी हैमिल्टन ने 31 रन खर्च करते हुए 3 विकेट चटकाए, जबकि डार्सी ब्राउन ने दो विकेट झटके। एश्ले गार्डनर ने ऋचा घोष का विकेट अपने नाम किया। भारतीय टीम ने पर्थ की उछाल भरी पिच पर लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए।

**पहले दिन टीम इंडिया ने चटकाए 3 विकेट:** पहले दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एलिस पेरी 43 और एनाबेल सदरलैंड 20 रन बनाकर खेल रही थी। वहीं इससे पहले एलिसा हीली, फोएबे लिचफील्ड और जॉर्जिया वॉल पवेलियन लौट गई थी। गेंदबाजी में टीम इंडिया की तरफ से अब तक सयाली सतघरे ने 2 जबकि क्रांति गौड़ ने एक विकेट हासिल किया है।

# मेस्सी ने भेंट की ट्रंप को रत्नजड़ित गुलाबी फुटबॉल



**वाशिंगटन।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने पिछले साल मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप जीतने पर इंटर मियामी को सम्मानित करने के लिए व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रत्नजड़ित गुलाबी फुटबॉल भेंट की। इंटर मियामी ने दिसंबर में वैंकूवर व्हाइटकैप्स को हराकर मेजर लीग सॉकर का खिताब जीता था। अर्जेंटीना के सुपरस्टार मेस्सी को लगातार दूसरे सत्र में सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) चुना गया था। ट्रंप ने कहा, 'लियो (मेस्सी) आप टीम से जुड़े और आपकी टीम ने जीत हासिल की। आपके लिए अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं था। सच कहूं तो आप पर जितना दबाव था, उतना किसी को पता भी नहीं होगा, क्योंकि उम्मीद की जा रही थी कि आप जीत दिलाने में सफल रहेंगे और आपने ऐसा किया।' मेस्सी ने ट्रंप के साथ समारोह में प्रवेश किया।

# एएफसी महिला एशियाई कपः जापान की मजबूत टीम से भारत का सामना

एजेंसी ▶▶| पर्थ

वियतनाम के खिलाफ पिछले ग्रुप मैच में दमदार प्रदर्शन से भारतीय महिला फुटबॉल टीम का आत्मविश्वास जरूर बढ़ा होगा लेकिन शनिवार को एएफसी महिला एशियाई कप के दूसरे मैच में जापान की मजबूत टीम से होने वाला मुकाबला उसके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। भारत ने ग्रुप सी के शुरुआती मैच में बुधवार को वियतनाम के खिलाफ हूटर से ठीक तीन मिनट पहले 'इंजुरी टाइम' में गोल गंवा दिया, जिससे उसे 1-2 से हार का सामना करना पड़ा और उसने अहम अंक गंवा दिया। वियतनाम 2023 फीफा विश्व कप में खेला था और उनके खिलाफ मैच में पदार्पण कर रही सैनफिडा नोंग्रम के बराबरी गोल से टीम का मनोबल बढ़ा होगा। लेकिन दुनिया की आठवें नंबर और दो बार की चैंपियन टीम जापान पूरी तरह से अलग टीम होगी और भारत से कहीं बेहतर होगी। अब कोच अमेलिया वाल्वरडे का काम अपनी टीम को मजबूत बनाए रखना और रक्षात्मक मजबूती पर काम करना होगा। इसके साथ ही उन्हें जवाबी हमले पर भी ध्यान देना होगा।

### जापान पर लगाम लगाने की कोशिश करेगी भारतीय टीम

जापान ने अपने पिछले मैच में चीनी ताइपे के पेनल्टी क्षेत्र में 87 बार प्रवेश किया था, जिससे शनिवार को कप्तान स्वीटी देवी की अगुआई वाला भारतीय डिफेंस काफी व्यस्त रहेगा। भारतीय टीम जापान के गोल की संख्या पर भी लगाम लगाने की कोशिश करेगी। वियतनाम और चीनी ताइपे शनिवार को एक और मैच में आमने-सामने होंगे। तीनों ग्रुप में से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम और तीसरे नंबर की दो बेहतर टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। क्वार्टर फाइनल जीतने वाली चार टीम ब्राजील में होने वाले 2027 फीफा महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। वहीं क्वार्टरफाइनल में हारने वाली टीम विश्व कप के लिए एएफसी को दिए गए दो बचे हुए स्थानों के लिए प्लेऑफ खेलेंगी।

# गुकेश जीते, अरविंद ने संयुक्त दूसरा स्थान हासिल किया

### प्राग इंटरनेशनल शतरंज महोत्सव का आठवां दौर

**प्राग (एजेंसी)।** विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने प्राग इंटरनेशनल शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के नौवें और अंतिम दौर में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो को हराकर जीत का सूखा खत्म किया। भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने चेक गणराज्य के डेविड नवारा को हराकर संयुक्त दूसरा स्थान हासिल कर समापन किया। टूर्नामेंट में पहले लगातार ड्रॉ और तीन हार के बाद गुकेश ने आखिरकार जीत दर्ज की। उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव (छह अंक) ने अमेरिका के हैंस मोके नीमन के खिलाफ सफेद मोहरों से आसान ड्रॉ के बाद टूर्नामेंट जीत लिया। इससे पहले उन्होंने फरवरी में टाटा स्टील मास्टर्स जीता था। उन्होंने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां बिना हारे तीन जीत और छह ड्रॉ हासिल किए।





### दिव्या देशमुख ने नेमेक जाकिम से खेला ड्रॉ

नवारा 4.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं जबकि अराविंद अब केमेर और ईरान के परहाम एम के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। दिव्या देशमुख ने नेमेक जाकिम से ड्रॉ खेला। उजबेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोएव,अमेरिका के हैंस मोके नीमैन और स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो अगले स्थान पर हैं। गुकेश ढाई अंक लेकर उनके बाद हैं। चैलेंजर वर्ग में चेक गणराज्य के 16 वर्ष के इंटरनेशनल मास्टर फिनेक वांक्लाव ने भारतीय ग्रैंडमास्टर सूर्यशेखर गांगुली को ड्रॉ पर रोका।

☞ यात्रीगण कृपया ध्यान दें ☜

**होली उपरांत विशेष रेलगाड़ियाँ–2026**

होली के उपरान्त रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

**04162 नई दिल्ली–कानपुर सेन्ट्रल अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 04162 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | --- | 09:30 |
| कानपुर सेन्ट्रल | 17:30 | --- |

चलने के दिन : 04162 नई दिल्ली से दिनांक 07.03.2026 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : अलीगढ़ जं. एवं पनकी धाम स्टेशन।

**04163/04164 कानपुर सेन्ट्रल–नई दिल्ली–कानपुर सेन्ट्रल विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| गाड़ी सं. 04163 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04164 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 22:30 | कानपुर सेन्ट्रल | 17:30 | --- |
| 07:30 | --- | नई दिल्ली | --- | 09:30 |

चलने के दिन : 04163 कानपुर सेन्ट्रल से दिनांक 07.03.2026, 08.03.2026 एवं 09.03.2026 तथा 04164 नई दिल्ली जं. से दिनांक 08.03.2026, 09.03.2026 एवं 10.03.2026 को।
स्थान : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : पनकी धाम एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन।

**03257/03258 दानापुर–आनंद विहार टं.–दानापुर साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| गाड़ी सं. 03257 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 03258 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 07:30 | दानापुर | 20:45 | --- |
| 00:30 | --- | आनंद विहार टं. | --- | 05:00 |

चलने के दिन : 03257 दानापुर से दिनांक 15.03.2026 से 29.03.2026 तक (प्रत्येक रविवार) तथा 03258 आनंद विहार टं. से दिनांक 16.03.2026 से 30.03.2026 तक (प्रत्येक सोमवार) को।
स्थान : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : आरा, बक्सर, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., सूबेदारगंज एवं गोविंदपुरी स्टेशन।

**05219/05220 मुज़फ्फ़रपुर जं.–आनंद विहार टं.–मुज़फ्फ़रपुर जं. साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| गाड़ी सं. 05219 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 05220 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 13:30 | मुज़फ्फ़रपुर | 09:45 | --- |
| 10:00 | --- | आनंद विहार टं. | --- | 12:00 |

चलने के दिन : 05219 मुज़फ्फ़रपुर से दिनांक 13.03.2026 से 27.03.2026 तक (प्रत्येक शुक्रवार) तथा 05220 आनंद विहार टं. से दिनांक 14.03.2026 से 28.03.2026 तक (प्रत्येक शनिवार) को।
स्थान : 2 टियर वाता एवं 3 टियर वाता (इकोनोमी)।
ठहराव : हाजीपुर जं., सोनपुर जं., पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविंदपुरी स्टेशन।

**03293/03294 पटना जं.–नई दिल्ली–पटना जं. विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 30 फेरे**

| गाड़ी सं. 03293 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 03294 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 21:00 | पटना जं. | 12:25 | --- |
| 12:50 | --- | नई दिल्ली | --- | 14:15 |

चलने के दिन : 03293 पटना जं. से दिनांक 16.03.2026 से 30.03.2026 तक (प्रतिदिन) तथा 03294 नई दिल्ली से दिनांक 17.03.2026 से 31.03.2026 तक (प्रतिदिन) को।
स्थान : 3 टियर वाता, 3 टियर वाता (इकोनोमी), शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : दानापुर, आरा, बक्सर, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., सूबेदारगंज एवं गोविंदपुरी स्टेशन।

**03639/03640 धनबाद जं.–शकूरबस्ती–धनबाद जं. द्वि–साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी — 12 फेरे**

| गाड़ी सं. 03639 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 03640 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:30 | धनबाद जं. | 23:45 | --- |
| 18:10 | --- | शकूरबस्ती | --- | 21:10 |

चलने के दिन : 03639 धनबाद जं. से दिनांक 13.03.2026 से 30.03.2026 तक (प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार) तथा 03640 शकूरबस्ती से दिनांक 14.03.2026 से 31.03.2026 तक (प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार) को।
स्थान : 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : एनएससी बोस जे गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं., गोविंदपुरी एवं दिल्ली जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

**03697/03698 शेखपुरा जं.–आनंद विहार टं.–शेखपुरा जं. विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 4 दिन) — 18 फेरे**

| गाड़ी सं. 03697 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 03698 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 11:30 | शेखपुरा जं. | 14:45 | --- |
| 11:40 | --- | आनंद विहार टं. | --- | 13:30 |

चलने के दिन : 03697 शेखपुरा जं. से दिनांक 16.03.2026 से 30.03.2026 तक (प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार एवं शनिवार) को तथा 03698 आनंद विहार टं. से दिनांक 17.03.2026 से 31.03.2026 तक (प्रत्येक मंगलवार, बुधवार, शनिवार एवं रविवार) को।
स्थान : 2 टियर वाता सह 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : वारिसलीगंज, नवादा, तिलैया, गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं., गोविंदपुरी एवं टूंडला जं. स्टेशन।

**02397/02398 शेखपुरा जं.–आनंद विहार टं.–शेखपुरा जं. साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| गाड़ी सं. 02397 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 02398 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 11:30 | शेखपुरा जं. | 14:45 | --- |
| 11:40 | --- | आनंद विहार टं. | --- | 13:30 |

चलने के दिन : 02397 शेखपुरा जं. से दिनांक 22.03.2026 से 29.03.2026 तक (प्रत्येक रविवार) को तथा 02398 आनंद विहार टं. से दिनांक 23.03.2026 से 30.03.2026 तक (प्रत्येक सोमवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता, 3 टियर वाता (इकोनोमी), शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : वारिसलीगंज, नवादा, तिलैया, गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं., गोविंदपुरी एवं टूंडला जं. स्टेशन।

**03309/03310 धनबाद जं.–दिल्ली जं.–धनबाद जं. द्वि–साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी — 10 फेरे**

| गाड़ी सं. 03309 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 03310 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 10:10 | धनबाद जं. | 13:00 | — |
| 18:05 | 18:15 | वाराणसी जं. | 03:25 | 03:35 |
| 09:15 | --- | दिल्ली जं. | --- | 11:45 |

चलने के दिन : 03309 धनबाद जं. से दिनांक 14.03.2026 से 28.03.2026 तक (प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार) को तथा 03310 दिल्ली जं. से दिनांक 15.03.2026 से 29.03.2026 तक (प्रत्येक बुधवार एवं रविवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता (इकोनोमी), शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : एनएससी बोस जे गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, प्रयागराज जं., गोविंदपुरी एवं टूंडला जं. स्टेशन।

**05575/05576 सहरसा जं.–आनंद विहार टं.–सहरसा जं. साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| गाड़ी सं. 05575 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 05576 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 20:00 | सहरसा जं. | 10:30 | — |
| 18:32 | 18:34 | बरेली | 10:38 | 10:40 |
| 21:20 | 21:25 | मुरादाबाद | 09:05 | 09:10 |
| 01:05 | --- | आनंद विहार टं. | --- | 05:15 |

चलने के दिन : 05575 सहरसा जं. से दिनांक 18.03.2026 से 25.03.2026 तक (प्रत्येक बुधवार) को तथा 05576 आनंद विहार टं. से दिनांक 24.03.2026 से 31.03.2026 तक (प्रत्येक मंगलवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता (इकोनोमी), शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : गढ़ बरुआरी, सुपौल, सरायगढ़, निर्मली, घोघरडीहा, झंझारपुर, सकरी जं., शिशो, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोण्डा जं., सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**05579/05580 पूर्णियाँ कोर्ट–आनंद विहार टं.–पूर्णियाँ कोर्ट विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 3 दिन) — 12 फेरे**

| गाड़ी सं. 05579 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 05580 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 16:30 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | — |
| 18:32 | 18:34 | बरेली | 10:38 | 10:40 |
| 21:20 | 21:25 | मुरादाबाद | 09:05 | 09:10 |
| 01:05 | --- | आनंद विहार टं. | --- | 05:15 |

चलने के दिन : 05579 पूर्णियाँ कोर्ट से दिनांक 17.03.2026 से 29.03.2026 तक (प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार एवं रविवार) को तथा 05580 आनंद विहार टं. से दिनांक 19.03.2026 से 29.03.2026 तक (प्रत्येक वीरवार, शुक्रवार एवं रविवार ) को।
स्थान : 3 टियर वाता (इकोनोमी), शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बनमनखी जं., मुरलीगंज, दौरम मधपुरा, सहरसा जं., गढ़ बरुआरी, सुपौल, सरायगढ़, निर्मली, घोघरडीहा, झंझारपुर, सकरी जं, शिशो, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोण्डा जं., सीतापुर जं., शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड एवं गाजियाबाद स्टेशन।


पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




# इजराइल का दावा: 50 लड़ाकू विमानों ने तबाह किया था खामेनेई का भूमिगत बंकर

*इजरायली सेना ने दावा किया है कि उसके 50 लड़ाकू विमानों ने अयातुल्ला अली खामेनेई के भूमिकत बंकर को तबाह दिया है। यह भूमिगत बंकर तेहरान की सड़कों के नीचे बनाया गया था। उधर, आईडीएफ ने ईरान के कोम में लोगों को इलाके को खाली करने को कहा है। वहीं, ईरान ने दावा किया है कि उसके एक और स्कूल पर हमला किया गया है।*

**सम्मान और स्वतंत्रता की रक्षा करने में कोई हिचकिचाहट नहीं : ईरान**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजरायल सेना ने दावा किया है कि उसके 50 लड़ाकू विमानों ने तेहरान में उस भूमिगत बंकर पर हमला किया है, जिसे ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के लिए बनाया गया था। इजरायल ने एक बयान में दावा किया कि यह परिसर मध्य तेहरान की सड़कों के नीचे पूरी तरह फैला हुआ था और इसमें बैठक कक्ष भी शामिल थे। बयान में यह भी कहा गया कि खामेनेई की हत्या के बाद भी वरिष्ठ अधिकारी इस सुविधा का इस्तेमाल करते रहे।

वहीं, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका और इजरायल के झगड़े में कुछ देशों ने बीच-बचाव की कोशिश शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले अपने हफ्ते सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को खो दिया। शायद कुछ लोगों ने हमें कम आंक लिया है। हम अपने देश के सम्मान और स्वतंत्रता की रक्षा करने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाएंगे।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान के साथ किसी भी तरह का समझौता तभी होगा, जब वह बिना शर्त आत्मसमर्पण करेगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद ईरान में एक 'बेहतरीन और स्वीकार्य नेतृत्व' चुना जाएगा। इसके बाद अमेरिका और उसके सहयोगी देश मिलकर ईरान को तबाही के कगार से वापस लाने के लिए काम करेंगे।

**तेहरान सड़कों के नीचे फैला हुआ था बंकर**

**सोशल मीडिया पर हमले का वीडियो जारी**



ईरान ने अजरबैजान के नखचिवान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ड्रोन से हमला किया

## ईरान में गृहयुद्ध का खतरा, खाड़ी देशों ने जताई चिंता

*पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच खाड़ी देशों ने ईरान में संभावित गृहयुद्ध को लेकर चिंता जताई है। यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कालास ने कहा कि क्षेत्र के कई देशों ने यूरोपीय अधिकारियों से बातचीत में ईरान के भीतर अस्थिरता और गृहयुद्ध की आशंका व्यक्त की है। उनके अनुसार ईरान के नेतृत्व और वहां की मौजूदा स्थिति को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है। इस बैठक में ईरान और व्यापक पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की जा रही है। समुद्री सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बरकरार क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता बनी हुई है। उन्होंने बताया कि यूरोपीय संघ खास तौर पर इस बात को लेकर चिंतित है कि महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग सुरक्षित बने रहें।*

## ईरान लंबे युद्ध के लिए तैयार: नैनी




इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के एक प्रवक्ता ने कहा कि ईरान लंबे युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार है और ऐसे एडवांस्ड हथियार लाने वाला है जिनका अभी तक इस लड़ाई में इस्तेमाल नहीं हुआ है। एक बयान में ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी ने कहा कि ईरान के दुश्मनों को आने वाले हमलों की नई लहर में दर्दनाक वार की उम्मीद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान की नई कोशिशें और हथियार आने वाले हैं। इन टेक्नोलॉजी का अभी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल नहीं किया गया है।

## भारत ने दी खामेनेई को श्रद्धांजलि



नई दिल्ली में ईरानी दूतावास में गुरुवार को एक विशेष शोक पुस्तिका रखी गई, जिसमें भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने हस्ताक्षर कर ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत पर संवेदना जताई। विदेश सचिव ने इस मौके पर ईरान के उपविदेश मंत्री सईद खतीबजादेह से भी मुलाकात की। खतीबजादेह भी शोक पुस्तिका में हस्ताक्षर करने के लिए दूतावास पहुंचे थे। हालांकि भारत ने अब तक खामेनेई की मौत पर सीधे कोई तीखी प्रतिक्रिया नहीं दी थी। ऐसे में विदेश सचिव का दूतावास जाकर शोक व्यक्त करना उनकी मौत की भारत की पहली आधिकारिक स्वीकारोक्ति माना जा रहा है।

## अमेरिका ने ईरान के 30 जहाजों को डुबोया





एक शीर्ष अमेरिकी सैन्य अधिकारी ने एडमिरल बैड कूपर कहा कि अमेरिका ने युद्ध के दौरान 30 से अधिक ईरानी जहाजों को डुबो दिया है, जबकि तेहरान की सेनाओं द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमलों में काफी कमी आई है। कूपन ने बताया कि 30 से अधिक जहाज डुबो दिए हैं, और पिछले कुछ घंटों में ही हमने एक ईरानी ड्रोन वाहक पोत को निशाना बनाया है, जिसका आकार लगभग द्वितीय विश्व युद्ध के विमानवाहक पोत के बराबर है।

## इजराइल का दक्षिणी बेरूत में कई जगह हमला

इजराइल सेना का दावा है कि उसने दक्षिणी बेरूत के धाहियेह इलाके में 26 राउंड हमले किए हैं। सेना ने बताया कि उसने हिज्बुल्ला के इस्तेमाल किए जाने वाले अलग-अलग इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया है, जिसमें समूह की कार्यकारी परिषद का मुख्यालय और ड्रोन वाला एक वेयरहाउस शामिल है। वहीं लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सोमवार से बेरूत समेत लेबनान पर हुए हमलों में कुल 123 लोग मारे गए हैं और 683 घायल हुए हैं।


## स्कूल पर हमले की जांच हो: यूएन



अमेरिका का तेहरान पर हमला जारी

*28 फरवरी से शुरू हुई जंग का आत सातवां दिन है। ऐसे में रोजाना मृतकों का आंकड़ा बढ़ रहा है। ईरानी रेड क्रिसेंट की रिपोर्ट के अनुसार अब तक अमेरिका और इजराइल के हमलों में ईरान में कम से कम 1,332 लोग मारे गए हैं। वहीं, लेबनान में 100 से ज्यादा और इजराइल में करीब एक दर्जन लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने ईरान के स्कूल में हुए हमले की जल्द जांच कराने की अपील की। इस हमले में 175 लोगों की मौत हो गई थी। तुर्क ने जिनेवा में कहा कि अमेरिका ने इस हमले की जांच की घोषणा की है। संयुक्त राष्ट्र चाहता है कि यह जांच जल्द, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरी की जाए। इसके साथ ही हमले के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। पीड़ितों को न्याय और उचित मुआवजा भी मिलना चाहिए। इस बीच, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका मिनाब में हुए इस हमले की जांच कर रहा है।*

## ईरान ने स्कूल पर किया हमला: अजरबैजान



अजरबैजान के जुफिया शहर में ईरान के हमले से क्षतिग्रस्त स्कूल

दक्षिण काकेशस क्षेत्र में भी तनाव बढ़ गया है। अजरबैजान ने आरोप लगाया है कि ईरान के ड्रोन ने उसके नखचिवान क्षेत्र में हमला किया, जिससे एक एयरपोर्ट की इमारत को नुकसान हुआ और चार लोग घायल हो गए। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने इसे आतंक और आक्रामकता बताया और कहा कि सेना को जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार रहने का आदेश दिया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि जुफिया में एक स्कूल पर ईरान ने हमला किया है। हालांकि ईरान ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि उसने अजरबैजान की ओर कोई ड्रोन नहीं भेजा।

### सऊदी अरब और जॉर्डन ने ईरानी ड्रोन मार गिराए

सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रियाद के पूर्व में ईरान के तीन ड्रोन नष्ट कर दिए हैं। वहीं, जॉर्डन के इरबिद शहर में हवाई रक्षा बलों ने कई ड्रोन मार गिराए हैं। बहरीन की राजधानी मनामा पर रात भर हुए हमलों में शहर के फाइनेंशियल हार्बर टावर्स वाणिज्यिक परिसर को निशाना बनाया गया। परिसर पर हमला इसलिए किया गया क्योंकि शहर में इजराइली दूतावास वहीं स्थित था। परिसर के आसपास एक ईरानी ड्रोन को रोका गया और नष्ट कर दिया गया।

### ईरान के हमले में कुवैत के 67 जवान घायल

ईरान के हमले में कुवैत के 67 जवान घायल हो गए हैं। वहीं सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन टारगेट पर पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए हैं। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता सऊद अल-अतवान ने कहा कि घायल लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने आगे कहा कि दो लोगों को अभी भी मेडिकल निगरानी में रखा गया है।

## अमेरिका के पास 20 दिन का तेल!



ईरान से युद्ध के बीच अमेरिका में भी हाहाकार मची हुई है। ट्रंप की एक गलती से अमेरिका का तेल का भंडार तेजी से खाली हो रहा है। अमेरिका का स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व 1974 में बनाया गया था। इसका मकसद किसी भी बड़े युद्ध या संकट के समय देश में तेल की सप्लाई को बनाए रखना था। हालिया रिपोर्ट बताती है कि अमेरिका का यह रिजर्व अपनी कुल क्षमता 71.4 करोड़ बैरल के मुकाबले सिर्फ 41.5 करोड़ बैरल पर सिमट गया है। यह स्टॉक अमेरिका की जरूरतों के हिसाब से सिर्फ 20 दिनों के लिए ही काफी है। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ एनर्जी के मुताबिक, इस खाली पड़े खजाने को फिर से भरने के लिए करीब 20 बिलियन डॉलर यानी भारी-भरकम रकम की जरूरत है।

### रायसीना संवाद में आयोजित 'ऑथर्स कॉर्नर' नामक सत्र को संबोधित करते हुए बोले विदेश मंत्री

# पूरी तरह से पशिचम केंद्रित थी 7 दशक पुरानी व्यवस्था भारत के इतिहास में 1% के बराबर: जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश के कूटनीतिक मंच पर शुक्रवार का दिन राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित की गई रायसीना संवाद-2026 से जुड़ी हुई जरूरी चर्चाओं के नाम रहा। इसी से संबंधित 'ऑथर्स कार्नर' नामक एक सत्र में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पश्चिम-एशिया में जारी युद्ध के चिंताजनक माहौल के बीच मौजूदा वैश्विक व्यवस्था, बहुपक्षवाद, वैश्विक दक्षिण के महत्व, यूएन सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार जैसे मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आज संघर्षों को दो नजरिए से देखा और परिभाषित किया जा रहा है। जिसमें एक पश्चिम का है और दूसरा पूर्व का बताया जा रहा है। लेकिन इन सबके बीच एक आवाज बेहद मायने रखती है। वो वैश्विक दक्षिण यानी ग्लोबल साउथ की आवाज और उसका पक्ष है। भारत के लिए यह क्षेत्र केवल औपनिवेशिक इतिहास से जुड़ी हुई एक कड़ी मात्र नहीं है। बल्कि ये हमारे इतिहास, संस्कृति के साथ भी गहरा भावनात्मक जुड़ाव रखता है। कोरोना काल में हमारे द्वारा इलाके के तमाम देशों तक पहुंचाई गई कोरोना वैक्सीन हमारे इसी जुड़ाव का प्रमाण प्रस्तुत करती है। यहां बता दें कि इस सत्र का आयोजन फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब की किताब पर चर्चा के लिए किया गया था। जिसमें जयशंकर भी शामिल हुए। बताते चलें कि रायसीना संवाद का इस वर्ष 11वां संस्करण है। जिसमें फिनलैंड के राष्ट्रपति ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।




## ग्लोबल वेस्ट में बिखराव

उन्होंने कहा कि हाल के समय तक ग्लोबल वेस्ट यानी वैश्विक पश्चिम का समूह हर लिहाज से एक व्यवस्थित व एकजुट समूह था। लेकिन अब ऐसा नजर नहीं आ रहा है। उनकी एकजुटता में बिखराव दिखाई पड़ने लगा है। जयशंकर के मुताबिक, भारत बहुपक्षवाद का समर्थक है। लेकिन अगर बीते 70 सालों की बात करें तो उस दौरान दुनिया पूरी तरह से पश्चिम के लिए, पश्चिम के द्वारा और पश्चिम के लिए ही थी। साधारण शब्दों में इसे पश्चिम केंद्रित कहना उचित होगा। लेकिन भारत के संदर्भ में 7 दशक के इतिहास के मायने केवल 1 फीसदी के बराबर होते हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र (यूएन) सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधारों के पुरजोर समर्थक हैं। ये 1945 और 1985 जैसे दौर की झलक के साथ मौजूद हैं। जबकि आज 2026 का समय है। वहीं, कोई अगर ये कहे की सुधार या बदलाव सब कुछ यूएन के बिना संभव होगा तो मेरा जवाब ना में होगा।

### रूस का तीसरा पक्ष मानते स्टब

*फिनलैंड के राष्ट्रपति की किताब में रूस की व्याख्या तीसरे पक्ष के रूप में की गई है। लेकिन भारत का तर्क ये है कि आज की दुनिया बहुत अधिक बहुध्रुवीय होगी। जिसमें ताकत किसी एक स्थान पर केंद्रित नहीं बिखराव वाली नजर आएगी।*

### मनमानी पर उतारू अमेरिका

*राष्ट्रपति स्टब ने ग्लोबल वेस्ट के परिपेक्ष्य में अमेरिका की मौजूदा कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि कई मामलों (ईरान पर हमला) में वह (अमेरिका) अपने बाकी सहयोगियों से विचार-विमर्श या सलाह के बिना ही कदम उठा रहा है। जबकि पूर्व में ऐसा कभी नहीं देखा गया है। मेरे विचार में अब ग्लोबल वेस्ट से अमेरिका बाहर हो रहा है। जिससे हमारा यह संगठन वैचारिक रूप से ज्यादा ग्लोबल नॉर्थ बनता जा रहा है। फिनलैंड के हिसाब से भविष्य की दुनिया बहुपक्षवाद और बहुध्रुवीयता का मिला जुला रूप होगी। लेकिन अगर वैश्विक दक्षिण को अपनी कमान स्वयं के बलबूते पर संभालनी है तो ग्लोबल वेस्ट और ईस्ट को उपदेश देना बंद करते हुए बराबरी की भागीदारी के साथ आगे आना पड़ेगा।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109